आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 103 | उज्जैन, बुधवार 29 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com


## देश विदेश

### निकाय चुनाव: बीजेपी को बड़ी सफलता सभी 15 नगर निगमों में बहुमत की ओर

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम सामने आने लगे हैं और शुरूआती रुझानों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक बार फिर राज्य में अपना भगवा परचम लहराती दिख रही है। सभी 15 नगर निगमों में भाजपा बहुमत की ओर अग्रसर है, जो राज्य की शहरी राजनीति में पार्टी की मजबूत पकड़ को दर्शाता है। इन चुनावों में असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, खासकर भुज में तीन सीटों पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया। राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने अधिकांश नगर निगमों में निर्णायक बढ़त बना ली है।

### सांसद स्वाति मालीवाल ने भी भाजपा जॉइन की

**मोहाली।** राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी पंजाब में टूट रोकने में जुट गई है। आप के प्रदेश प्रभारी मनीष सिसोदिया ने 29 अप्रैल तक सभी विधायक जालंधर तलब कर लिए हैं। इसमें ब्लॉक ऑब्जर्वर्स और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों को भी बुलाया गया है। मीटिंग में सीएम भगवंत मान भी शामिल रहेंगे। हालांकि मीटिंग का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है। फिर भी माना जा रहा है कि इसमें 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद विधायकों का मन टटोला जाएगा। जालंधर में इससे पहले हुई मीटिंग को लेकर मीडिया ने दावा किया गया था कि उसमें सीएम ने 5-5 हजार रुपए तक रिश्वत लेने को लेकर विधायकों को फटकार लगाई थी।

### एक्टर भरत कपूर का 80 साल की उम्र में निधन



'नूरी', 'गुलामी' और 'खुदा गवाह' जैसी फिल्मों में नजर आए थे

**मुंबई।** एक्टर भरत कपूर का सोमवार को निधन हो गया। 80 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई में अपने घर पर अंतिम सांस ली। उन्होंने लगभग चार दशकों के करियर में अमिताभ बच्चन स्टारर आखिरी रास्ता और खुदा गवाह समेत 200 से अधिक फिल्मों में काम किया था। उन्होंने नूरी, आखिरी रास्ता, बाजार, इनकार, राम बलराम जैसी फिल्मों में नेगेटिव रोल निभाए थे। रिपोर्ट के अनुसार भरत कपूर का निधन मल्टीपल ऑर्गन फेलियर के कारण हुआ। एक्टर अवतार गिल ने न्यूज एजेंसी अठकसे भरत कपूर के निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि भरत कपूर पिछले दो-तीन दिनों से बीमार थे। वह घर पर ही थे और सोमवार दोपहर करीब 3 बजे उनका निधन हुआ। अवतार गिल ने कहा कि उन्हें शाम करीब 4 से 4.30 बजे भरत कपूर के बेटे का फोन आया था। उन्होंने यह भी बताया कि भरत कपूर ने काफी समय पहले काम करना बंद कर दिया था। कल शाम को परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। भरत कपूर ने 1972 में अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में काम किया, जिनमें नूरी (1979), राम बलराम (1980), लव स्टोरी (1981), बाजार (1982), गुलामी (1985), आखिरी रास्ता (1986), सत्यमेव जयते (1987), स्वर्ग (1990), खुदा गवाह (1992) और रंग (1993) शामिल हैं। भरत कपूर ने बरसात (1995), साजन चले ससुराल (1996) और मीनाक्षी: अ टेल ऑफ थ्री सिटीज (2004) जैसी फिल्मों में भी काम किया। वहीं, फिल्मों के अलावा उन्होंने टेलीविजन में भी काम किया। वह कैम्पस, परंपरा, राहत, सांस, अमानत, तारा, चुनौती और कहानी चंद्रकांता की जैसे शो में नजर आए।

### हमीरपुर में वैन और ट्रक की भीषण टक्कर में 4 की मौत, तीन घायल

**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर जिले में एक दुखद सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाइवे 34 पर बारात में जा रहे चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मौदहा सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर के अनुसार, हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र के गांव डामर से कुशवाहा समाज की बारात महोबा जिले के गांव खड्डी पहरा जा रही थी। बारात में शामिल कुछ लोग एक ओमनी वैन में थे। यह वैन हमीरपुर से महोबा की तरफ जा रही थी। बता दें कि यह हादसा मौदहा कोतवाली इलाके के नाराइच रोड पर, छिरका के पास हुआ. इस वैन की टक्कर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक से हो गई, यह टक्कर इतनी तेज हुई कि वैन के परखच्चे उड़ गए।

### हरियाणा का युवक अमेरिका में जिंदा जला

**करनाल।** हरियाणा के एक युवक की अमेरिका के टेक्सास शहर में फूड स्टोर में लगी आग में जिंदा जलकर मौत हो गई। इस हादसे में पंजाब के मोहाली निवासी स्टोर मालिक विक्रांत की भी मौत हो गई। जिस समय आग लगी, उस वक्त युवक और स्टोर मालिक दोनों अंदर सो रहे थे। टेक्सास पुलिस के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी और पूरा स्टोर भी जलकर खाक हो गया। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मृतक की पहचान करनाल के गंगाटेहड़ी गांव निवासी सुखविंद्र सिंह (22) के रूप में हुई है। वह परिवार का इकलौता बेटा था।

# पंजाब में रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट करने वाले 4 आतंकी गिरफ्तार

## मलेशिया के खालिस्तानी संगठनों और आईएसआई के संपर्क में थे, बम लगाने वाले के चिथड़े उड़े

एजेंसी ▶▶ राजपुरा



पंजाब में पटियाला के राजपुरा में अंबाला-अमृतसर रेल फ्रेट कॉरिडोर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकियों ने कराया था। यह दावा पटियाला पुलिस ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद किया। पटियाला रेंज के डीआईजी कुलदीप चहल ने बताया कि धमाके के बाद कार्रवाई करते हुए प्रदीप सिंह खालसा, कुलविंदर सिंह बंगा, सतनाम सिंह सत्ता और गुरप्रीत सिंह गोपी को गिरफ्तार किया है। इनसे एक बम, 2 पिस्टल, जिंदा कारतूस और कएऊ बरामद हुआ।

डीआईजी ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में पता चला कि ये माड्यूल सीधे पर आईएसआई और मलेशिया में बैठे खालिस्तानी कट्टरपंथी संगठनों के टच में था। इनका मकसद पंजाब में आतंकी वारदात कर शांति भंग कर दहशत पैदा करनी थी। रेलवे का कामकाज डिस्टर्ब करने के मकसद से उन्होंने रेल ट्रैक पर हमला किया। उन्होंने बताया कि यह पूरा मॉड्यूल पाकिस्तान से चल रहा था।

इसी बीच खालिस्तान टाइगर फोर्स ने धमाके की जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि ब्लास्ट की जिम्मेदारी खालिस्तान टाइगर फोर्स का जसविंदर सिंह मुल्तानी (जर्मनी) लेता है।



### जिम्मेदारी लेने वाली पोस्ट

27 अप्रैल की रात करीब साढ़े 8 बजे यह ब्लास्ट चलती मालगाड़ी के नीचे किया गया था। उसके ड्राइवर को झटका लगा तो उसने तुरंत आगे अफसरों को सूचना दी। रेलवे की स्पेशल डीजीपी शशि प्रभा द्विवेदी ने कहा कि ऐसा संभव है कि जिस वक्त ब्लास्ट हुआ, बम फिट करने वाला भी किनारे खड़ा था और धमाके की चपेट में आ गया, जिससे उसके शरीर के भी चिथड़े उड़ गए। मरने वाला जगरूप सिंह रूपा तरनतारन के पंजवड़ गांव का था, वह मलेशिया जा चुका था।

**स्पेशल डीजीपी ने कहा- ड्राइवर को झटका लगा तो उसने गड़बड़ी बताई**

ब्लास्ट के बाद मंगलवार सुबह रेलवे की स्पेशल डीजीपी शशि प्रभा द्विवेदी स्पॉट पर पहुंची। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट के वक्त यहां से मालगाड़ी गुजरी। शायद उसी वक्त ब्लास्ट हुआ, जिस वजह से ड्राइवर को झटका लगा। ड्राइवर ने ही सूचना दी कि वहां पटरी पर कुछ गड़बड़ है। इसी वजह से ब्लास्ट के बाद हमें सूचना करीब एक घंटे लेट मिली। करीब साढ़े 9 बजे अफसर मौके पर पहुंचे। ऐसा लग रहा है कि जिस वक्त ब्लास्ट हुआ, बम फिट करने वाला वहीं किनारे खड़ा था। वह भी धमाके की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। उससे मोबाइल मिला है। इसके अलावा तलाशी में एक टिकट मिला है, जिससे पता चला कि वह सरहिंद से यहां आया है। उसका अमृतसर में बाइक पार्क करते हुए वीडियो भी मिला है। जिसके बाद बाइक जब्त कर ली गई है।

### मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में दो सिक्योरिटी गाड्र्स हमला

## धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर चाकू से गोदा

### एटीएस बोली- आईएसआईएस के दस्तावेज मिले, अकेले हमले का प्लान किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में एक युवक ने दो सिक्योरिटी गाड्र्स से उनका धर्म पूछने के बाद चाकू से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान 31 साल के जैब जुबेर अंसारी के रूप में की गई है। घटना सोमवार सुबह करीब 4 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन ड्यूटी पर तैनात थे।



आरोपी पहले इलाके में आया और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। उसने एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह केबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया गया। दोनों घायल गार्डों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महाराष्ट्र एटीएस ने उसके घर से आईएसआईएस से जुड़े नोट्स, एक लैपटॉप और कुरान की 3 कॉपियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हमला अकेले प्लान किया था।

**कोचिंग देता था**

घटना के करीब डेढ़ घंटे भीतर ही नया नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। एटीएस ने बताया कि आरोपी साइंस ग्रेजुएट है अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहा था। अमेरिका में नौकरी नहीं मिलने के कारण वह 2020 में भारत लौट आया। वह मीरा रोड स्थित स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेले रहकर ऑनलाइन केमिस्ट्री की कोचिंग देता था।

### भारी गर्मी के बीच दिल्ली में बारिश-आंधी का अलर्ट

## यूपी के बांदा में तापमान 47.6 डिग्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ

देशभर में जारी भारी गर्मी के बीच दिल्ली में आंधी और बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम के कारण मौसम में अचानक यह बदलाव हुआ है।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बांदा 47.6 डिग्री के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां 30 अप्रैल 2022 को 47.4त्ङ तापमान रहा था। राजस्थान के जैसलमेर में 46.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46त्ङ पहुंच गया, जो पिछले 10 साल



में सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 शहरों में पारा 46 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। इनमें बाड़मेर 46 डिग्री, वर्धा 46.5 डिग्री, अमरावती 46.6 डिग्री और अकोला 46.3 डिग्री शामिल हैं। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### जकार्ता में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में 14 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी के बाहर एक स्टेशन पर एक ट्रेन दूसरी ट्रेन से टकरा गई, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 38 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद कई लोग ट्रेन के डिब्बे में फंस गए। हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। सरकारी रेलवे कंपनी पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस की वाइस प्रेसिडेंट ऐनी पुरबा ने एक बयान में कहा, 'अब तक कम्यूटर ट्रेन से 38 यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।' आर्गो ब्रोमो अंगग्रेक लंबी दूरी की ट्रेन बेकासी तिमुर स्टेशन पर रुकी हुई एक कम्यूटर ट्रेन के पिछले डिब्बे से टकरा गई। यह गाड़ी सिर्फ महिलाओं के लिए थी, ताकि परेशानी से बचा जा सके। बचाव दल ने खराब गाड़ी में फंसे पाँच यात्रियों तक पहुँचने का काम किया। अधिकारियों ने बताया कि आर्गो ब्रोमो अंगग्रेक ट्रेन में सवार सभी 240 यात्री सुरक्षित हैं। जकार्ता पुलिस चीफ असेप एडी सुहेरी ने मौके पर मौजूद रिपोर्टरों को बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जाँच कर रही है। लोकल टेलीविजन फुटेज और सोशल मीडिया पर वीडियो में स्टेशन पर पैसेंजर घबराए हुए दिख रहे थे, जबकि दर्जनों लोग अपने परिवार वालों की खबर लेने के लिए स्टेशन की ओर दौड़े।

### महिला कर्मचारी पर धर्म और नाम बदलने का दबाव, दस्तावेज छीने

#### मलेशिया भेजने की योजना थी, नासिक टीसीएस केस में मुख्य आरोपी अब भी फरार

एजेंसी ▶▶ नासिक

नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन और नाम बदलकर हानिया रखने का दबाव बनाया था। इसके लिए पीड़िता को बुर्का और इस्लामिक किताबें दी थीं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस की जांच में यह दावा किया गया है। पीड़िता के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक पीड़िता के शैक्षिक दस्तावेज छीन लिए गए थे और उसे नौकरी के बहाने मलेशिया भेजकर इमरान नामक व्यक्ति के पास काम पर लगाने की भी योजना थी। पुलिस ने कहा है कि निदा खान की तलाश जारी है। निदा ने दो महीने की प्रेग्नेंसी का हवाला देकर अग्रिम जमानत के लिए नासिक सेशन कोर्ट में अर्जी भी दी थी। कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया था।



**मामले में 8 गिरफ्तार**

टीसीएस ऑफिस के इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कंपनी की ज्यादातर पीड़ित मिडिल क्लास परिवारों से हैं। उनकी उम्र 21 से 30 साल के बीच है। वे एसोसिएट लेवल पर काम करती थीं और 20 हजार रुपए महीना सैलरी पाती थीं। पीड़ित महिला इंजीनियर ने 5 आरोपियों पर जून 2025 से मार्च 2026 के बीच लगातार यौन उत्पीड़न, पीछा करने (स्टॉकिंग) और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। उसने कहा कि एक आरोपी ने हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी की। महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि उसका टीम लीडर ट्रेनिंग के बहाने उसे गलत तरीके से छूता था। एक अन्य आरोपी ने ऑफिस की पेंट्री में गुड़ी पड़वा के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित ने यह भी कहा कि उसकी शादीशुदा जिंदगी को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं।

### भारत-रूस मिलकर यूरिया फैक्ट्री लगाएंगे

#### अभी जरूरत का 71 प्रतिशत यूरिया मिडिल-ईस्ट से आता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान जंग के कारण पैदा हुए यूरिया संकट के बीच भारत और रूस ने जॉइंट वेंचर में फर्टिलाइजर प्लांट लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह प्लांट रूस के समारा में लगाया जा रहा है, जो अगले दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसे लेकर हाल ही में एक भारतीय दल ने रूस का दौरा किया है।

भारत और रूस के इस साझा प्रोजेक्ट में करीब 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश होना है। रूस में लगने वाले 20 लाख टन क्षमता के यूरिया प्रोजेक्ट में इंडियन पोटाश लिमिटेड, आरसीएफ और एनएफएल शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत खाद के आयात पर निर्भरता कम करना चाहता है।



**मिडल-ईस्ट पर निर्भरता कम करने की तैयारी**

भारत अपनी खेती के लिए नाइट्रोजन आधारित खाद यूरिया पर बहुत ज्यादा निर्भर है। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का करीब 71% यूरिया मिडल-ईस्ट के देशों से आयात करता है।

**भारत की 3 सरकारी कंपनियां प्रोजेक्ट में शामिल**

भारतीय कंपनियां इंडियन पोटाश लिमिटेड, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड और नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड मिलकर 10 हजार करोड़ का निवेश करेंगी। बाकी के 10 हजार करोड़ रूस की केमिकल कंपनी 'यूरालकेम ग्रुप' लगाएगी। इंडियन पोटाश के एमडी पीएस गहलोत ने कहा कि प्रोजेक्ट कंसल्टेंट पीडीआईएल ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यह प्लांट भारत के लिए यूरिया का एक स्थायी स्रोत बनेगा।

### 6 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला

## पाक का अफगान पर मिसाइल अटैक

### 7 की मौत, 75 घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल

एजेंसी ▶▶ काबुल/इस्लामाबाद

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में सोमवार को हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।

बीबीसी के मुताबिक स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और रॉकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।




**तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए**

इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए। हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया।

पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# भगवान का एसी प्रबंधक कक्ष में

संभाग मुख्यालय के पश्चिम छोर के जिले के शिवालय में प्रबंधक जी के जलवे की चर्चा अब आम हो चली है। शिवालय में भगवान को एक धन संग्रह केंद्र के ग्रामीण इकाई ने एसी दान में दिया था। इस बात को करीब 4 साल होने को आए हैं। दान के साथ दाता की मंशा यही थी कि गर्भगृह में शीतलता कायम की जा सके। एसी की शीतलता प्रबंधक जी के केबिन को मिल रही है। इस पर सवाल कायम हो रहे हैं। शिवालय के गर्भग्रह में में बीते चार वर्षो से एसी नहीं लगाएं गए। चार एसी बाढ़ में खराब होने का हवाला देकर सुधरवाने भेजे गए थे। बाद में वे दिखाई ही नहीं दे रहे हैं। दुरूस्ती उपरांत घरों में उनकी जरूरत ज्यादा उपयोगी साबित की जा रही है। ठण्ड मे भगवान को शॉल ओढ़ाया जाता है परन्तु गर्मी में भगवान 44 डिग्री सेंटीग्रेड में हैं। 45 हजारी प्रबंधक के जलवे हैं। खुसूर-फुसूर है कि कहावत है ब्राह्मण को गाय देने के उपरांत यह नहीं देखा जाता है कि वह उसे रास्ते से ले जा रहा है या बे रासते पर। अब दान दाता धन संग्रह केंद्र ग्रामीण इकाई भी उसी तर्ज पर प्रबंधक जी के इस काम को लेकर न तो समिति के अध्यक्ष को कुछ बोल पा रही है और न ही कोई सवाल ही कर पा रही है। इससे यह जरूर हुआ कि आगे के दान दाताओं ने अपने हाथ खींच लिए और आने वाले दानदाता यहां की स्थिति एवं प्रबंधक जी के जलवे देखकर अपना मन बदल लेते हैं। समिति अध्यक्ष ही इस मामले में कुछ बेहतर निर्णय कर प्रबंधक जी की शीतलता दूर करने में सक्षम हैं।




## न्यूज कॉलम

### एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहत असंतुष्ट होने पर निशुल्क बदल सकेंगे एजेंसी

**उज्जैन।** एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। भारत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अपना गैस कनेक्शन उसी कंपनी की अन्य एजेंसी पर स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा सभी गैस कंपनियों द्वारा दी जा रही है। क्षिप्रा उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव ने जनहित में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार ने यह अहम कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि भारत गैस कंपनी, इंडियन ऑयल कंपनी और हिंदुस्तान ऑयल कंपनी के उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता अपनी वर्तमान गैस एजेंसी की सेवाओं से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी पसंद की किसी अन्य गैस एजेंसी पर जाकर निःशुल्क अपना एजेंसी परिवर्तन करवा सकता है। एजेंसी बदलने की इस प्रक्रिया को आसान और सुलभ भी बनाया गया है। यदि उपभोक्ता चाहें तो वे स्वयं भी मोबाइल के माध्यम से अपनी गैस एजेंसी बदल सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संबंधित गैस कंपनी का एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा, जिसके जरिए वे घर बैठे इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

### भीषण गर्मी के कारण मत्स्य विभाग ने मछली पालकों के लिये जारी की सूचना

**उज्जैन।** शिप्रा नदी के दूषित जल से हजारों की संख्या में मछलियों के मरने की आशंका से तहसीलदार महिदपुर से निजी मत्स्य पालकों द्वारा कार्रवाई की मांग की गई है। किन्तु भीषण गर्मी, हीट वेव से एवं पानी के तापमान में अचानक परिवर्तन से मछलियों की मृत्यु हो सकती हैं। मत्स्य पालन विभाग जिला उज्जैन के निजी एवं समस्त मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता हैं कि अप्रैल 2026 में मध्य प्रदेश भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) की चपेट में है, जिससे तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अचानक से तापमान में परिवर्तन से भीषण गर्मी (हीट वेव) के दौरान तालाबों का तापमान बढ़ने और ऑक्सीजन कम होने से मछलियों के मरने का खतरा बढ़ जाता है। इन परिस्थितियों में मछलियों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए जा सकते हैं-

- गर्मियों में तालाब की नियमित निगरानी करें।
- यदि मछलियां पानी की सतह पर आकर सांस लेती हुई दिखें, तो यह ऑक्सीजन की कमी का संकेत है। तुरंत ताजे पानी का प्रवाह बढ़ाएं।
- मछलियों का खान-पान और गतिविधि का ध्यान रखें।
- **चारा प्रबंधन** : दोपहर की कड़ी धूप में चारा न डालें। मछलियों को सुबह जल्दी (सूरज निकलने से पहले) या शाम को (सूर्यास्त के बाद) चारा दें, क्योंकि इस समय वे ऊपर आती हैं।
- तालाब में लगातार पानी भरते रहें, ताकि जलस्तर 5 से 6 फीट तक बना रहे। गहराई होने से पानी जल्दी गर्म नहीं होता।
- **ताजा पानी डालें** : सुबह-शाम पास के सबमर्सिबल पंप या ट्यूबवेल से ताजा ठंडा पानी डालें, जिससे घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे।

कृषि आदान व्यापारियों का एक दिन का देशव्यापी बंद रहा

# दुकान खोलने वाले 5 प्रतिष्ठानों को एक दिन का सीदा दान किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर सोमवार को देश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन के सांकेतिक हड़ताल पर रहें। इस दौरान उज्जैन में दुकान खोलने वाले 5 प्रतिष्ठानों पर जाकर संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने पुरातन पद्धति अनुसार एक दिन का सीदा अन्न दान किया है। इसमें आटा, दाल, चावल, नमक आदि सामग्री शामिल रही है।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी ने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकारो के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र में अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों के साथ साथ उज्जैन जिले में भी खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी आज एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहे। उज्जैन में 100 दुकानें संघ की हैं। इनमें से 75 से अधिक सदस्य रैली में साथ रहे। रैली के दौरान जो पांच दुकानें खुली मिली ऐसे सदस्यों को दुकान पर जाकर सीदा प्रदान किया गया। आंदोलन से पूर्व संघ के सोश्यल मीडिया ग्रुप पर विरोध को लेकर स्पष्ट किया गया था। इसके तहत यह तय किया गया था कि बंद दिवस पर जो प्रतिष्ठान खुला रहेगा उसे एक दिन का सीदा अन्न का दान किया जाएगा।




### सांसद को सौंपा मागों का ज्ञापन

जिलाध्यक्ष लेखराज खत्री के अनुसार दौलतगंज चौराहे पर उज्जैन के व्यापारियों ने एकत्रित होकर एक रैली निकाली एवं सांसद अनिल फिरोजिया एवं डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक कृषि उज्जैन को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है।

### ये हैं मुख्य मांगें

जिन मुख्य मुद्दों को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है उनमें उर्वरकों में डीलर मार्जिन को कम से कम 8% किया जाना, रिटेलर के गोदाम तक एफओआर उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध करवाना, सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनियों पर कार्रवाई करना एवं व्यापारी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करना,साथी पोर्टल के माध्यम से लागू के लिए जाने वाली बीज विक्रय योजना को उत्पादक कंपनियां तक ही सीमित रखना, निर्माता कंपनियों द्वारा उर्वरकों के साथ की जा रही अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग को पूर्ण रूप से बंद करना, देश में लागू की जा रही ई टोकन प्रणाली को स्थगित करना। अनाज बीजों एवं उद्यानकी बीजों के लिए अलग-अलग लाइसेंस के प्रक्रिया को समाप्त करना। बीज एवं कीटनाशक दवाइयां में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट हर साल जोड़ने की प्रक्रिया को स्थाई रूप से समाप्त करना। किसानों द्वारा निजी स्वार्थ के चलते झूठी शिकायतों पर पहले जांच कमेटी बिठाकर जांच करना। लाइसेंस निलंबित होने पर 21 दिन में स्वतःबहाल करना।

आम उपभोक्ता घर के लिए परेशान, होटल वालों को सुलभता से मिल रही

# गैस टंकी की कमी, एडजस्टमेंट वालों को उपलब्ध करवा रहे...

## दलाल सक्रिय हुए, शादी विवाह में भी अतिरिक्त व्यय पर उपलब्ध करवा रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गैस टंकी की कमी का असर आम उपभोक्ता पर ज्यादा असर कर रहा है। बाजार में व्यवसायिक उपयोग का काम करने वालों को यह अब दलालों के माध्यम से सुलभता से मिल रही है। यही नहीं एडजस्टमेंट वालों को भी दलाल उपलब्ध करवा रहे हैं। नियमों का बंधन घर की रसोई के लिए भारी पड रहा है। आम उपभोक्ता आर्थिक एडजस्टमेंट को तैयार नहीं हो रहा है और उसे चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि शादी विवाह के कार्यक्रम में भी अतिरिक्त व्यय पर उपलब्ध हो रही है।

आम आदमी को घर के लिए गैस टंकी मिलना नियमों के दायरे में हो गया है। उसे सभी जगह नियम दिखाए जा रहे हैं। उसके अलावा बाजार में घरेलू टंकियों से व्यवसायिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। पूरे बाजार में अनेकों स्थान पर घरेलू टंकी से व्यवसायिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए दलाल दुकानदारों के संपर्क में हैं और वे नियमों को धता बताकर टंकियों की उपलब्धता करवा रहे हैं।



### शादी विवाह में एडजस्टमेंट से काम चला रहे

विवाह आयोजनों के दौर में आयोजको को टंकी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कारण उन्हें गैस सिलेंडर की व्यवस्था करने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पहले की तरह आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते अब एडजस्टमेंट के साथ सिलेंडर खरीदना मजबूरी बन गई है। इसके चलते उन्हें व्यवसायिक टंकी से भी अधिक का भुगतान करना पड़ रहा है। प्रतिदिन ऐसे आयोजक गैस एजेंसियों पर पहुंचकर सिलेंडर की मांग कर रहे हैं। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद उपभोक्ता को सिलेंडर एडजस्टमेंट में लेना पड़ रहा है।

### एडजस्टमेंट करना मजबूरी

आयोजनों के लिए एडजस्टमेंट के साथ दलाल से सिलेंडर लेना मजबूरी बन चुका है। सिलेंडर मिलना भी स्टॉक पर निर्भर कर रहा है। यदि एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक है तो मार्केट में सिलेंडर 2250-2500 रुपए तक मिल रहा है। अगर स्टॉक कम हो तो उपलब्धता के हिसाब से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के बाद इसकी कीमत 3000 से 3500 रुपए तक वसूली जा रही है।

एमआईसी बैठक में अहम फैसले

# चौड़ीकरण प्रभावितों को मुआवजा टैक्स और विकास प्रस्तावों को मंजूरी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर और दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत 26 फरवरी 2026 की पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि से हुई, जिसके बाद विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम सीमा क्षेत्र में यूजर चार्जेस लागू करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत वार्ड क्रमांक 2 में बालाजी दूध डेयरी से वीर सावरकर चौराहा तक आरसीसी नाला निर्माण के स्थल परिवर्तन को मंजूरी दी गई। वहीं, शहर के जर्जर शौचालयों को हटाकर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत नए शौचालय निर्माण का निर्णय लिया गया।

नगर निगम के पेंशनरों एवं कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि को मंजूरी देते हुए छठवें वेतनमान में 5 प्रतिशत और सातवें वेतनमान में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी लागू करने का निर्णय लिया गया।

जिला शिक्षाधिकारी एवं डीपीसी का आकस्मिक निरीक्षण

# ग्रामीण बीआरसी मिले, शहरी सहित 18 कर्मचारी नदारद

## 18 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आनलाईन उपस्थिति लगाने वाले शिक्षा विभाग में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारियों के समक्ष बडी पोल सामने खुली है। कार्यालयों में कर्मचारियों की मनमानी का खुलासा हुआ है। जिला शिक्षाधिकारी महेन्द्र खत्री एवं डीपीसी अशोक त्रिपाठी ने इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए ग्रामीण एवं शहर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालयों के 18 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को पूर्वाह्न कार्यालय समय उपरांत डीईओ महेंद्र खत्री एवं डीपीसी अशोक त्रिपाठी के दल ने बीआरसी उज्जैन ग्रामीण एवं शहर के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीईओ ने बताया कि इस प्रकार से कार्यालयों का निरीक्षण आगामी दिवस में पूरे जिले में होगा। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बीआरसी कार्यालय, संकुल कार्यालय ग्रीष्मावकाश में पूर्ण रूप से संचालित मिले सभी कर्मचारी अपने नियत समय प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थित हो और 6 बजे बाद ही कार्यालय छोड़े। अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर गिरीश तिवारी एडीपीसी समग्र शिक्षा भी उपस्थित थे।



### ऐसे थे हालात

ग्रामीण कार्यालय में केवल बीआरसी राजकुमार पाल उपस्थित मिले, जबकि उज्जैन ग्रामीण का 8 कर्मचारी एवं बीआरसी उज्जैन शहर विजय पगारे सहित उनके 9 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। डीईओ ने राजकुमार पाल को छोड़ अन्य सभी 18 कर्मचारियों का एक दिन वेतन काटने के आदेश संबंधितों को जारी किए हैं।

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में

# मशीनों से बनेगा महाकाल का लड्डू प्रसाद

## खराब हुआ तो लगेगा 25 लाख तक का भारी जुर्माना, करीब 40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में मिलने वाला लड्डू प्रसाद अब आधुनिक तकनीक के साथ नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं को बेहतर गुणवत्ता और स्वच्छता युक्त प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए अत्याधुनिक मशीनों से लड्डू बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए करीब 40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है, जबकि 20 करोड़ रुपये की लागत से त्रिवेणी संग्रहालय के पास भोजनशाला अन्न क्षेत्र में एक आधुनिक लड्डू प्रसाद यूनिट का निर्माण भी किया जा चुका है। यह कदम वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जब लाखों-करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे और प्रसाद की मांग कई गुना बढ़ जाएगी।



- मंदिर उपप्रशासक सिम्मी यादव के अनुसार, इस टेंडर प्रक्रिया में वही कंपनियां भाग ले सकेंगी जिनके पास कम से कम तीन वर्षों का खाद्य सामग्री निर्माण का अनुभव हो। इसके अलावा कंपनियों का भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और आईओएस 22000 से प्रमाणित होना अनिवार्य रखा गया है। साथ ही संबंधित कंपनी का सालाना टर्नओवर कम से कम 40 करोड़ रुपये होना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि काम अनुभवी और सक्षम हाथों में ही जाए।
- लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर मंदिर समिति ने बेहद कड़े नियम तय किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि तैयार लड्डुओं की शेल्फ लाइफ कम से कम 15 दिन होनी चाहिए। यदि इस अवधि से पहले प्रसाद खराब होता पाया गया तो संबंधित कंपनी पर 25 लाख रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा यदि निर्माण में घटिया या कच्चे माल का उपयोग किया गया तो 5 लाख रुपये का दंड तय किया गया है। वहीं, प्रसाद के पैकेट में वजन कम पाए जाने पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इन कड़े प्रावधानों का उद्देश्य केवल एक ही है कि श्रद्धालुओं को हर हाल में शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण प्रसाद मिले।

मंदिर प्रशासन के अनुसार, वर्तमान में महाकाल मंदिर में प्रतिदिन लगभग 50 क्विंटल लड्डू प्रसाद की खपत होती है, जो विशेष पर्वों और त्योहारों पर बढ़कर 100 क्विंटल तक पहुंच जाती है। इतनी बड़ी मात्रा में प्रसाद की आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता बनाए रखना एक चुनौती बन चुका है। इसी को देखते हुए आधुनिक मशीनों के जरिए बड़े स्तर पर उत्पादन की योजना बनाई गई है, ताकि प्रसाद की उपलब्धता, स्वच्छता और स्वाद तीनों को संतुलित रखा जा सके।

अब तक लड्डू प्रसाद का निर्माण मंदिर से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित चिन्तामणि गणेश मंदिर परिसर में किया जाता था, लेकिन नई यूनिट बनने के बाद यह पूरी प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से उन्नत हो जाएगी। 50 हजार वर्गफुट क्षेत्र में फैली इस यूनिट में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल शामिल हैं, जहां मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लड्डू तैयार किए जाएंगे। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ मानव श्रम पर निर्भरता भी कम होगी और गुणवत्ता नियंत्रण अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

# उज्जैन में जलसंकट की आहट, गंभीर डैम में सिर्फ 60 दिन का पानी शेष

## तेज गर्मी, बढ़ती खपत और वाष्पीकरण से घट रहा जलस्तर, बारिश में देरी हुई तो बिगड़ सकती है स्थिति, अभी गंभीर डैम का जलस्तर लगभग 546 एमसीएफटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में एक बार फिर जलसंकट की आशंका गहराने लगी है। मुख्य पेयजल स्त्रोत गंभीर डैम में अब महज लगभग 60 दिनों का पानी शेष रह गया है। लगातार बढ़ती गर्मी, अधिक खपत और तेज वाष्पीकरण के कारण जलस्तर तेजी से घट रहा है, जिससे आने वाले महीनों में स्थिति चिंताजनक हो सकती है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में गंभीर डैम का जलस्तर लगभग 546 एमसीएफटी दर्ज किया गया है। वहीं प्रतिदिन 9 से 10 एमसीएफटी पानी की खपत हो रही है। इस हिसाब से उपलब्ध पानी अप्रैल, मई और जून तक ही पेयजल आपूर्ति के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। यदि जुलाई तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो शहर में जल संकट की स्थिति बन सकती है।



पिछले कुछ वर्षों का अनुभव भी चिंता बढ़ाने वाला रहा है। लगभग हर वर्ष गंभीर डैम गर्मियों में सूखने की कगार पर पहुंच जाता है और शहरवासियों को बारिश का इंतजार करना पड़ता है। बीते वर्ष भी डैम मुश्किल से भर पाया था और अंतिम समय में हुई बारिश से ही स्थिति संभल सकी थी। इस बार भी हालात कुछ ऐसे ही बनते नजर आ रहे हैं।

इस वर्ष तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे पानी का वाष्पीकरण तेजी से होगा। इसके साथ ही शहर की बढ़ती आबादी के कारण पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। यदि यही स्थिति बनी रही और मानसून समय पर नहीं आया तो जल वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा और एक दिन छोड़कर जलप्रदाय जैसी व्यवस्था लागू करनी पड़ सकती है।

### नगर निगम और जल विभाग के सामने चुनौती

नगर निगम और जल विभाग के सामने चुनौती है कि सीमित संसाधनों में शहर की जरूरतों को पूरा किया जाए। साथ ही नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें। वर्षा जल संचयन जैसे विकल्पों को अपनाने की भी आवश्यकता बताई जा रही है। समय रहते सतर्कता और योजनाबद्ध प्रबंधन नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उज्जैन को गंभीर जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पशुओं से दोपहर में काम न लें, छाया और पानी की करें व्यवस्था

**इंदौर।** इन्दौर जिले में भीषण गर्मी की स्थिति में प्रतिदिन दोपहर 11 से 04 बजे के बीच निरन्तर तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना रहता है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग इन्दौर द्वारा अपील की गई है कि उक्त समय एवं तापमान का ध्यान रखते हुए पशुओं से सेवा नहीं लेना सुनिश्चित करें एवं दोपहर के समय समस्त पालतु पशुओं को छाया वाले स्थान पर विश्राम दें। शहरी सीमा वर्तीक्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, वन अंचलों में आसपास से वन्य पशु-पक्षी भी पेयजय की आस में बस्ती में आ जाते है, उनके लिए अपने घरों की छत एवं आंगन में एवं निराश्रित श्वानों के लिए भी पेयजल रख कर अपने सामाजिक कर्तव्य निभाना चाहिए।

### सैनिकों के कल्याण के लिये लक्ष्य से अधिक की सहयोग राशि एकत्र

**इंदौर।** इंदौर जिले में सैनिकों के कल्याण के लिये सहायता राशि एकत्र करने में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की गई है। जिले में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में सैनिकों के कल्याण के लिये वर्ष 2024-2025 में 33 लाख 83 हजार 625 रुपए की सहयोग राशि एकत्र की गई। जिले में मध्यप्रदेश शासन 20 लाख 54 हजार 600 रुपए से अधिक राशि एकत्र करने का लक्ष्य दिया गया था, जो कि लक्ष्य राशि का 165 प्रतिशत है। यह राशि पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उपयोग में ली जाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं योगदान के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ। राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा गत 21 अप्रैल को लोकभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया।

### श्रम स्टार रेटिंग पहल को मिल रही व्यापक स्वीकृति

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित श्रम स्टार रेटिंग पहल को प्रदेशभर में उद्योगों से सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य कारखानों में श्रम कानूनों के पालन को सुनिश्चित करना तथा श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण से जुड़ी सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश इंदौर श्रीमती नमिता तिवारी ने बताया है कि अब तक प्रदेश के 554 कारखानों ने स्व-मूल्यांकन के माध्यम से श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त की है। इनमें बड़ी, मध्यम और लघु श्रेणी की विभिन्न विनिर्माण इकाइयाँ शामिल हैं, जो इस पहल की व्यापक स्वीकार्यता और औद्योगिक क्षेत्रों में इसके प्रभावी प्रसार को दर्शाती हैं। श्रम स्टार रेटेड कारखाने इस बात का प्रमाण होते हैं कि संबंधित कार्यस्थलों पर बाल श्रम और बंधुआ श्रम पूर्णतः प्रतिबंधित हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इंदौर ने इस पहल में सक्रिय सहभागिता के लिए सभी कारखानों का आभार व्यक्त किया है। विशेष रूप से, श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाले पहले पाँच कारखानों की सराहना की गई है, जिन्होंने इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया।

### अन्तर्राष्ट्रीय मेले फोयर डे पेरिस में होगी प्रदर्शित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय कला को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये निरंतर प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश की विशिष्ट 'बाग प्रिंट' कला को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित मेले फोयर डे पेरिस में प्रदर्शित किया जायेगा। यह मेला 30 अप्रैल से 11 मई 2026 तक पेरिस के पोर्टे डे वर्साय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा देशभर से चयनित पांच श्रेष्ठ शिल्पकारों में प्रदेश के नेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री को शामिल किया गया है। वे इस मेले में प्रदेश की बाग प्रिंट कला का प्रतिनिधित्व करते हुए मास्टर क्राफ्ट्समैन के रूप में शामिल होंगे। 'बाग प्रिंट' हस्तशिल्प भौगोलिक संकेत के अंतर्गत संरक्षित है।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में अब ठंडा पानी और ताजी हवा

**इंदौर।** जनसुनवाई में आइए, पहले कुर्सी पर बैठिए और फिर ठंडा पानी पीजिए और कलेक्टर शिवम वर्मा स्वयं पहुंचेंगे आपके पास। आम जनता के कार्यों को बेहद गंभीरता पूर्वक सुनकर उनकी समस्या का समाधान करना ही पहली प्राथमिकता है। इसलिए अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ ही उनकी विभिन्न समस्याओं का निदान करना और करवाना ही जनसुनवाई का उद्देश्य है। इसी श्रृंखला में जनसुनवाई प्रभारी डिप्टी कलेक्टर प्रिया वर्मा ने बताया कि माननीय कलेक्टर सर के निर्देशन पर जनसुनवाई की व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।वही उनके निर्देशन पर टोकन सिस्टम को भी लागू करते हुए विधिवत जनसुनवाई में प्रवेश की व्यवस्था को बनाया गया है। इसी के साथ आवेदकों को कुर्सी पर बैठने के साथ उनके पानी पीने की व्यवस्था भी जनसुनवाई में की गई है। कलेक्टर महोदय के सतत निर्देशन पर आने वाले समय में अन्य कई बदलाव भी नजर आएंगे।

---

कलेक्टोरेट परिसर में लगातार दूसरे दिन आग

# बांस झुरमुट के बाद इलेक्ट्रीक डीपी में भी लगी आग

## परिसर में अत्याधुनिक अग्निशमन सिस्टम बंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**





लगातार 40 डिग्री पार चल रहे तापमान में अब आगजनी की घटनाएं बढने लगी हैं। कलेक्टोरेट परिसर में लगातार दुसरे दिन आग लगने का मामला हुआ है। बांस के झुरमुट में आग के बाद बिजली की डीपी में आग की घटना मंगलवार को हुई है। दोनों ही घटनाओं में कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की जन-धन हानि नहीं हुई है।

सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर में विश्व विद्यालय परिसर के गेट पर अंदर आने की स्थिति में बांस के बडे झुरमुटों में आग लगी थी। इसके चलते आग से जले एक बडे झुरमुट को मंगलवार को नगर निगम की जेसीबी एवं गाडी ने हटाने का काम किया है। जले हुए बांसों को झुरमुट से अलग किया गया है। मंगलवार को भी यहां विद्युत डीपी में आग लगने की घटना हुई है। काम के दौरान ही यह घटना होना सामने आ रहा है। दोनों ही घटनाओं में किसी प्रकार की जन-धन हानि की कोई सूचना नहीं हैं। नगर निगम के फायर ब्रिगेड के फायर आफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू से इस संबंध में पूछा गया कि अग्निशमन का सिस्टम होने के उपरांत फायर ब्रिगेड भेजने की जरूरत पडने का कारण क्या रहा तो उनका कहना था कि सिस्टम में उनके पास पाईप छोटे थे। हकीकत यह सामने आ रही है कि संकुल भवन का सिस्टम रख रखाव के अभाव में सफेद हाथी साबित हो रहा है। सिस्टम के पंपों में मकडी के जाले जम रहे हैं।

### कलेक्टोरेट का अग्निशमन सिस्टम सफेद हाथी

मात्र कुछ वर्ष पूर्व बने प्रशासनिक संकुल भवन में अत्याधुनिक अग्निशमन सिस्टम लगा हुआ है। इसके लिए पंप हाउस से लेकर पुरे तीन तल में पाईप लाईन एवं पाईंट भी दिए गए हैं। अग्निशमन सिस्टम दोनों ही दिन आग की घटना होने की स्थिति में अनुपयोगी साबित हुआ है। इसके पंप हाउस में पंपों पर मकडी के जाले जम रहे हैं मानों वर्षो से उसकी किसी ने सूध नहीं ली हो। भवन में लगे पाईंट की ड्राज से कई पाईप गायब हैं। भवन का संधारण लोक निर्माण विभाग पीआईयू करता है।

**दोनों दिन फायर ब्रिगेड पहुंची-** कलेक्टोरेट परिसर में आग की सूचना पर सोमवार को दोपहर में फायर ब्रिगेड 12.5 बजे रवाना हुई और 1.45 बजे आग बुझाकर वापसी हुई। इसी प्रकार मंगलवार को आग की सूचना मिलने पर इंदौर रोड घटनास्थल पर गया फायर फायटर वाहन सीधे कलेक्टोरेट पहुंचा था।

---

भीषण गर्मी का कहरः पेड़ों की कटाई और कंक्रीट विस्तार ने बढ़ाया तापमान

# इंदौर में हीट स्ट्रोक के मरीजों में तेज उछाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**




मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। अप्रैल माह में ही तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जिससे आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में लगातार बढ़ती गर्मी के साथ ही हीट स्ट्रोक (लू) के मामलों में भी चिंताजनक वृद्धि हो रही है।

शहर के कई अस्पतालों में बीते एक सप्ताह के दौरान हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मरीजों में तेज बुखार, उल्टी, चक्कर आना, डिहाइड्रेशन और कई मामलों में बेहोशी जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार यदि समय पर उपचार न मिले, तो हीट स्ट्रोक जानलेवा भी साबित हो सकता है।

विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूर, बुजुर्ग और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार इंदौर में बढ़ती गर्मी के पीछे पेड़ों की लगातार कटाई, कंक्रीट का तेजी से विस्तार, जल स्रोतों का सूखना, बढ़ता प्रदूषण और वैश्विक जलवायु परिवर्तन प्रमुख कारण हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप में सिर ढककर निकलने की सलाह दी है। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करने को कहा गया है। इंदौर में बढ़ती गर्मी केवल मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है।

### स्कूलों की छुट्टियां घोषित कर दी गई

हरियाली कम होने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है और शहर अर्बन हीट आइलैंड का रूप लेता जा रहा है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हीट एक्शन प्लान लागू किया गया है। इसी के तहत कलेक्टर महोदय द्वारा 30 तारीख तक स्कूलों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके। वहीं दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं।

---

स्टेज केरिज परमिट पर संचालित

# 15 वर्ष से अधिक पुरानी 72 यात्री बसों के परमिट किए निरस्त



इंदौर संभाग में निरंतर जारी रहेगी इस तरह की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आरटीओ इंदौर द्वारा जन सुविधा एवं जन सुरक्षा को देखते हुए इंदौर संभाग में संचालित 15 वर्ष से अधिक पुरानी 136 यात्री बसों के मालिकों को स्टेज केरिज परमिट पर अद्यतन मॉडल की (नवीन वाहन) यात्री बस प्रतिस्थापन कराने हेतु नोटिस जारी किए गए थे। इन वाहन मालिकों को जब पूर्व में ये परमिट जारी किए गए थे तब उन्हें इस शर्त के साथ परमिट जारी किया गया था कि वे परमिट पर किसी भी समय 15 वर्ष से अधिक पुरानी बस का संचालन नहीं करेंगें। किंतु 64 वाहन स्वामियों द्वारा ही समयावधि में परमिट पर अद्यतन मॉडल की (नवीन वाहन) बसें प्रतिस्थापन करायी गई, शेष 72 बस मालिकों द्वारा परमिट पर नवीन बस प्रतिस्थापन नहीं कराया गया है।

इन बसों की सूची संभाग के सभी पुलिस अधीक्षक, सभी डीटीओ, परिवहन सुरक्षा स्क्वार्ड को वाहनें संचालित पाई जाने पर जप्त करने हेतु प्रेषित की गई थी। उक्त 72 बसों के स्थाई परमिट संभागायुक्त व क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा निरस्त किए गए। पूर्व में भी इस प्रकार की 136 यात्री बसों के परमिट निरस्त किए गए हैं। इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

आगामी दिन भी भाव अधिक महंगे बताए जा रहे

# सोयाबीन की कमी से 100 रुपए तेजी, तेल का दाम 2 दिन में 20 रुपए घटा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



सोयाबीन की शॉर्टेज से रोज 100 रुपए की तेजी आने लगी है। सोमवार को मंडी में किसानों ने 1 करोड़ रुपए से अधिक का सोयाबीन 5960 से 6376 रुपए भाव की नीलाम बोली में बेचा। बीज वाला सोयाबीन की आवक कम रही। तेल के भाव में गिरावट के बाद भी खरीदी कम चल रही है। तेल कारोबारियों के अनुसार अब तेल में तेजी के चांस कम है। विदेश से तेल की आपूर्ति सुगम बनी रहने से तेजी की स्थिति समाप्त हो चुकी है।

दौलतगंज तेल बाजार में सोमवार को 15 किलो डिब्बा 2 दिन में 20 रुपए घटकर 2500 रुपए प्रति डिब्बा हो गया। 1 किलो सोयाबीन तेल 1 रुपए घटकर 164 रुपए बिकने लगा। सोयाबीन बिजाई का समय होने से बड़ी तेजी की स्थिति बताई जा रही है। कारोबारी अमर अग्रवाल ने बताया प्लांट खरीदी ऊंचे भाव की होने से भाव का फायदा स्टॉक वालों को ही अधिक मिल रहा है। नीमच लाइन के ऑफर बढ़कर 6125 रुपए, इंदौर लाइन के 6050 रुपए हो चुके हैं। आगामी दिन भी भाव अधिक महंगे बताए जा रहे हैं। बीज वालों के बाहर की लाइनों पर उज्जैन से बड़े बिक्री सौदे फाइनल होने लगे हैं। मंडी प्रशासन इस तरह की आवक-जावक पर कड़ी चौकसी रखने लगा है। मंडी प्रशासन के अनुसार किसानों को मंडी नीलाम में अधिक से अधिक लाभकारी दाम मिलना जरूरी है। यूआरडी व्यापार, यानी बगैर बिल के व्यापार की भी खबर है।

10 दिन बाद सोयाबीन की आवक बढ़ने के आसार 8 से 10 दिन बाद मंडी में सोयाबीन की आवक बढ़ने लगेगी। इस बार महंगे भाव होने से स्टॉक वालों को 500 रुपए क्विंटल से अधिक का लाभ मिल रहा है। भाव अधिक होने से मंडी के लाइसेंसी व्यापारी, जो ?बिल्टी व्यापार करते हैं, उन्हें सालभर में 25% व्यापार ही मिल पाया। सोयाबीन प्लांट ने एक तरफा खरीदी वर्षभर तक की। इस बार बीज टच में गुना, ग्वालियर, अशोकनगर और अन्य शहरों तरफ 6100 रुपए तक का सोयाबीन सीजन में उज्जैन से खरीदा। लोकल व्यापार वाले इस बार पिछड़ गए।

### खजुराहो सबसे 'हॉट', पारा 44.8 डिग्री रहा

**इंदौर।** भीषण गर्मी का दौर जारी है। मंगलवार को खजुराहो समेत कई शहरों में तापमान 44 डिग्री के पार ही रहा। टूरिस्ट स्पॉट खजुराहो में तापमान सबसे ज्यादा 44.8 डिग्री रहा। हालांकि, सोमवार की तुलना में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई है।

---

मिलावटखोरों के विरूद्ध चल रहे अभियान को किया जायेगा तेज

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने, खाद्य सामग्री निर्माण स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि मिलावटखोरों के विरूद्ध चल रहे अभियान को तेज किया जायेगा तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जिले में मिलावट के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य संस्थानों की नियमित जांच, सैंपलिंग और अमानक पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी गंदगी या अस्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ बनते पाए जाएंगे, वहां सीलिंग और एफआईआर जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# तालाबों और बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जायेगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**




कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में इंदौर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर ?निगम श्री आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह, श्री एन.एन. पाण्डे, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान की प्रगति की भी समीक्षा बैठक में की गई। विशेष रूप से महू क्षेत्र की गंभीर नदी के पुनर्जीवन कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी बावड़ियों एवं जल संरचनाओं का संरक्षण एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि हो सके। साथ ही आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर इन स्थलों को धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने के प्रयास किए जाएं।

### गेहूं खरीदी में विशेष पहल

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीदी के संबंध में भी प्रशासन द्वारा किसानों को सुविधा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्लॉट बुकिंग को सरल बनाया जा रहा है तथा खरीदी और भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों जैसे किसी किसान के घर में विवाह, पारिवारिक कार्यक्रम या शोक की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ऐसे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर स्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे उन्हें समय पर भुगतान मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और वे किसी भी परिस्थिति में आर्थिक रूप से प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। खरीदी केन्द्रों पर किसानों के बैठने तथा तोल-काटे की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी हर केन्द्र पर हो। साथ ही उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में भी आगंतुकों के बैठने और पेयजल के लिये व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## न्यूज कालम



## माहेश्वरी समाज के चुनाव संपन्न, अजमेरा अध्यक्ष व राठी सचिव चुने गए

**सनावद।** समाज के उत्थान एवं विकास के लिए माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।मुरली मनोहर मंदिर में सोमवार रात्रि को हुई बैठक में सर्वसम्मति से शिरीष अजमेरा को अध्यक्ष एवं मधुसूदन राठी को सचिव चुना गया। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए।नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिरीष अजमेरा ने बताया कि समाज में निर्विरोध चुनाव की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 2026 से 2029 तक तीन वर्षों के लिए यह कार्यकारिणी गठित की गई है। आगामी समय में समाज द्वारा अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो समाज को नई दिशा देंगे। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गोविन्द जाखेटिया ,सहसचिव आदित्य चोखड़ा ,कोषाध्यक्ष अनिल पलोड ,प्रचार मंत्री आयुष परवाल,संगठन मंत्री जितेश गट्टानी ,खेल मंत्री अंकित मुंदड़ा नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सभी समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## नेपानगर में ऊर्जा संकट गहराया, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें



**नेपानगर।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गहराए ऊर्जा संकट का असर नेपानगर में दिखने लगा है। पिछले कई दिनों से नेपानगर के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल लेने के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। नेपानगर और आसपास के क्षेत्र के निजी पेट्रोल पंपों का काम ठप होने के चलते आम जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में एकमात्र नेपा मिल के पेट्रोल पंप के भरोसे ईंधन की आपूर्ति हो रही है। पेट्रोल पंप पर दुपहिया वाहन चालकों को अधिकतम 200 रुपए एवं चारपहिया वाहन चालकों को अधिकतम 500 रुपए का ही ईंधन दिया जा रहा है। साथ ही रात 10 बजे के बाद पेट्रोल पंप पर क्यूआर और यूपीआई से भुगतान बंद कर दिया गया है।

## ग्राम भोमवाड़ा में सरपंच प्रतिनिधि और सचिव पर लोकायुक्त की कार्रवाई

**सनावद।** मामला सनावद के समीप बसे ग्राम भोमवाड़ा पंचायत का है जहाँ के सरपंच प्रतिनिधि और सचिव को लोकायुक्त की टीम ने आवास योजना के नाम रिश्वत लेते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ह आपको बता दे कि फरियादी कविता पति गजेंद्र यादव का आवास योजना में नाम दो वर्ष पूर्व आया था उनकी आवास योजना की राशि आवंटन को लेकर पंचायत सचिव जितेंद्र पवार और सरपंच प्रतिनिधि चिंताराम के द्वारा पचास हजार रुपये की मांग की गई थी किन्तु इसका बीच का हल निकाल कर मामला बीस हजार मे तय हुआ था फरियादी द्वारा दस हजार की राशि उनके खाते में देने के बाद भी उनको आवास की राशि जारी नहीं की गई और तय राशि देने के बाद आवंटन की बात कही गई जिसे लेकर कविता बाईं के द्वारा लोकायुक्त में इस मामले की शिकायत दर्ज करायी गई थी आज तय शुदा जगह पर कविता बाईं को सचिव और सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा बाकी राशि लेकर बुलाया गया था जिसमें लोकायुक्त के डीएसपी आनन्द चौहान के निर्देशन मे टीम ने कार्यवाही करते हुऐ आठ हजार रुपये का लेनदेन करते समय दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है सरपंच प्रतिनिधि चिंताराम और सचिव जितेंद्र पवार से लोकायुक्त की टीम के द्वारा इस मामले पूछताछ की जा रही है।

## प्रदेश के हजारों स्वास्थ्य कर्मचारी वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन करेंगे

**नीमच ।** मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के करीब ३० हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चार मई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले पांच से छह महीनों से उन्हें नियमित वेतन नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि अल्प वेतन के साथ-साथ वेतन विसंगतियां, एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश और महंगाई भत्ते जैसे अधिकारों से भी उन्हें वंचित रखा जा रहा है। लगातार अनियमित भुगतान के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। आंदोलन की रूपरेखा के तहत चार मई को सभी जिला मुख्यालयों पर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद १८ मई को सीएमएचओ कार्यालयों में प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं २५ मई को भोपाल में उपमुख्यमंत्री के बंगले के सामने अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ता। वेतन संकट के चलते आक्रोशित कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बाद भी उनकी बुनियाव समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है, जिसके कारण अब वे सड़कों उतरने के लिए मजबूर हैं।

## रन पुलिस ने स्कार्पियो से अवैध मादक प्रदार्थ डोडाचूरा जप्त किया

**नीमच।** प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभीयान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के कुशल निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा काले रंग की स्कार्पियो कमांक आरजे 14 युपी 3477 से परिवहन किया जा रहा 2 क्विंटल 61 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त किया है। पुलिस थाना जीरन को मिली गुप्त सुचना पर 27 अप्रैल को संदिग्ध वाहन की चैकिंग के दोरान काले रंग की स्कार्पियो कार कमांक आरजे 14 युपी 3477 के चालक के द्वारा घसुडी-चीताखेडा रोड पर नाकाबंधी देख काले रंग की स्कार्पियो का चालक अपनी स्कार्पियो को तेजगती से चलाकर लाया व नाकां बदी तोड कर हरनावदा रोड तरफ भागा द्य जो अपनी स्कार्पियो को हरनावदा पुलिया के पास रौड किनारे छोड कर भाग गया स्कार्पियो की तलाशी कार के अंदर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा कुल वजनी 2 क्विंटल 61 किलो 300 ग्राम जप्त किया वाहन चालक के विरूद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त की।

### अन्नदान कार्यक्रम में दिखी सेवा और समर्पण की मिसाल

## राजपूत समाज धर्मशाला निर्माण हेतु 51 हजार रुपये की भेंट

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



ग्राम धरगांव में आयोजित एक भावुक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ा अन्नदान कार्यक्रम सेवा, सहयोग और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। यह आयोजन राजपूत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल सिंह पटेल के सुपुत्र स्वर्गीय विमल सिंह पटेल की स्मृति में रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सभा के साथ अन्नदान का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय विमल सिंह पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पिता मांगीलाल सिंह पटेल ने समाजहित में उदार योगदान देते हुए राजपूत समाज धर्मशाला निर्माण के लिए 51 हजार की राशि भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक आस्था और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए रेणुका माता जी मंदिर (ससाबड़) के लिए 5100 तथा ग्राम के गणगौर घाट पर निमार्णाधीन लाल बाई फूल बाई मंदिर हेतु 5100 की राशि भी प्रदान की।यह राशि क्रमशः राजपूत समाज अध्यक्ष सबल सिंह पटेल, क्षत्रिय राजपूत समाज धर्मशाला के सचिव ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई एवं रेणुका माता मंदिर के अध्यक्ष सुनील सिंह सोलंकी को सौंपी गई।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मांगीलाल सिंह पटेल के इस योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से न केवल धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का विकास होता है, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने स्वर्गीय विमल सिंह पटेल के सामाजिक एवं मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अन्नदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वर्गीय आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस मौके पर खुमान सिंह पटेल (पथराड़), रणजीत सिंह मंडलोई, उदय सिंह पटेल, कमलेश सिंह पटेल, अखिलेश सिंह पटेल, जीवन सिंह पटेल, अमृत सिंह पटेल, डोंगर सिंह पटेल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## कांग्रेस नेता अजयसिंह रघुवंशी को इंदौर ग्रामीण का जिला प्रभारी नियुक्त किया



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर कांग्रेस के नेता पूर्व जिलाध्यक्ष अजयसिंह रघुवंशी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला इंदौर ग्रामीण का प्रभारी नियुक्त किया गया। रघुवंशी की इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। रघुवंशी के जिला प्रभारी बनने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले के कांग्रेसजन हमीद काजी (पूर्व विधायक), किशोर महाजन (पूर्व जिलाध्यक्ष), अनिता यादव (निगम अध्यक्ष), वाजिद ईकबाल (ब्लॉक अध्यक्ष), दगडू भाई चौकसे (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), गौरी शर्मा (पूर्व निगम अध्यक्ष), राकेश सोलंकी (जनपद अध्यक्ष), भारती विनोद पाटिल (अध्यक्ष, नगर पालिका), रफीक गुलमोहम्मद, अमर यादव, गब्बू सेठ, इन्द्रसेन देशमुख, डॉ. आरिफ बागवान, पार्षद ईस्माइल अंसारी, अजय उदासीन, अजय बालापुरकर, अकील औलिया, बाबा भाई, अबरार, उबेद शेख, फहीम हाशमी, अब्दुल्ला अंसारी, विनोद मोरे, महेंद्र सुरवाडे, आसिफ भाई, आरिफ भाई, शाहिद बन्दा, मुज्जु मीर, इनाम अंसारी, हामिद डायमंड सहित दिनेश शर्मा, उबैदुल्ला, गोपाल मोतेकर, पदम् चौहान, रामकिशन पटेल, हरीश नारखेड़े, मनीष कोल्हे, सुधीर पाटिल, कृष्णा असखड़के, संतोष चौधरी, निखिल खंडेलवाल, संदीप जाधव आदि ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, उषा नायडू, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया।

## अग्निवीर सैनिक संदीप जमरा को पुष्पांजलि अर्पित की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा(धार)



2024 में अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुए बाग विकासखंड के ग्राम जामला निवासी सैनिक संदीप जमरा का छुट्टियों स्वीकृत होने बाद घर लौटते वक्त दिल्ली मे आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को इनका पार्थिव देह सेना के जवानों के माध्यम से सम्मानपूर्वक पैतृक गांव पहुचा।

पार्थिव देह को एम्बुलेंस के जरिए टांडा लाया गया यहां खेल मैदान के समीप श्रद्धाजंलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यहां नजदीक सेना के कैंपस महू से जवान पहले से उपस्थित थे।

जवानों के द्वारा पार्थिव देह को एम्बुलेंस से ससम्मान के साथ उतार कर सेना के खुले वाहन मे रखा गया। जिसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेहड़ा,मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी,जनजाति विकास मंच जिला अध्यक्ष अरविंद डावर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य पारस जैन,गोपाल प्रजापत सर, जिला कार्यालय सह मंत्री प्रदीप गादीया,अवदेश सचान,जनपद सदस्य करम सिंह मोरी के द्ववारा तिरंगा उड़ाकर पार्थिव शरीर को सम्मानित किया गया तथा साथ ही सेकड़ो ग्रामीणों ने भारत माता की जय घोष के साथ पुष्पाजंलि अर्पित की।

ढोल मांदल एवं डीजे पर देश भक्ति की धुन के साथ नगर के मुख्य मार्ग से सम्मान यात्रा निकाली गई। रास्ते मे जगह - जगह पुष्प अर्पित किए गए। सैनिक संदीप जमरा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव जामला में किया गया।

## धूमधाम से मनाया मोमाई माता स्थापना दिवस

**खरगोन।** पाल क्षत्रिय गड़रिया समाज की कुल देवी मां मोमाई माता स्थापना दिवस आज बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।प्रातः ९:०० बजे पाल क्षत्रिय गडरिया समाज की मांग पर नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा नव निर्मित द्वारा का लोकार्पण वार्ड पार्षद गायत्री चंदेल व समाज जनों ने किया। जिसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व समाज जन उपस्थित थे। शोभायात्रा का सगरवंशी माली समाज दांगी समाज, रघुवंशी समाज, मारू समाज, कहार समाज, चंदेल परिवार, कछवाय परिवार जयसवाल परिवार गणेश उत्सव पीपल अवार सौम्या हार्डवेयर सकल हिंदू समाज, सहित अनेक सामाजिक संगठन के द्वारा सेवा स्टाइल वह पुष्प वर्षा का शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। अध्यक्ष अजय पाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां मोमाई माता स्थापना दिवस समाज जनों की उपस्थिति में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

## विद्यालय में विद्यार्थियों को मिली शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा

**मंडलेश्वर ।** समीपस्त ग्राम धरगांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरगांव में आज विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक सराहनीय पहल की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था हेतु लायंस क्लब देवी अहिल्या महेश्वर के सहयोग से वाटर टैंक एवं और लता सुरेश जोशी द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया, वहीं स्वर्गीय विमला पूनमचंद वर्मा की स्मृति में आर ओ प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल सुलभ हो सकेगा।कार्यक्रम में ग्राम के समाजसेवी सबल सिंह पटेल, ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई ,योगेंद्र सिंह मंडलोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। लायंस क्लब महेश्वर से प्रियंका गुजराती, क्लब अध्यक्ष ज्योति मंडलोई, मंजिला दुबे, तस्नीम नाजनीन एवं श्जाता कोठारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रियंका चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान केवल एक मशीन का दान नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में किया गया महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने बताया कि गर्मी के इस मौसम में ठंडा एवं स्वच्छ पानी विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत एवं सुविधा प्रदान करेगा। इस अवसर पर बीआरससी संतोष बरफा एवं बीईओ रामलाल चौहान द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विद्यालय परिवार की ओर से प्रिया केसरे, विमला कानूनगो, विकास पाटीदार, आर.सी. मिश्रा, संतोष एकल, संजय पटेल जन शिक्षक अर्जुन सिंह चोयल ,बलराम डावर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन जाह्नवी भालसे द्वारा किया गया।

## नीट परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**मंदसौर।** आगामी 3 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सफल एवं सुचारु आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर अदिति गर्ग एवं एसपी विनोद कुमार मीणा ने मंदसौर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय, पीजी कॉलेज, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, पर्याप्त छांव, टेंट, टेबल-कुर्सी तथा कक्षाओं की समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने पारदर्शिता और सुरक्षा के मद्देनजर सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने, कक्षाओं में पंखों की व्यवस्था, स्वच्छ व क्रियाशील वॉशरुम तथा दरवाजे-खिड़कियों की मरम्मत के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा का आयोजन 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। नगर में इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और राजीव गांधी कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।।

## उज्जैन में बदमाशों ने कार के कांच फोड़े पत्थरों से की तोड़-फोड़; बाफना पार्क और ऋषिनगर इलाके में भी हो चुकी वारदातें

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने सोमवार रात में घरों के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दो युवक बाइक खड़ी कर पैदल आकर पत्थरों से कांच फोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

मामला देवास रोड स्थित आश्रय होटल के पास मिशन कंपाउंड का है। यहां निवासी संदीप कुमार मीणा की कार सोमवार देर रात घर के बाहर खड़ी थी। बदमाशों ने पत्थरों से कार के कांच फोड़ दिए और मौके से फरार हो गए। सुबह जब संदीपकुमार ने अपनी गाड़ी देखी तो कांच टूटे हुए मिले, जिसके बाद उन्होंने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक कुछ दूरी पर अपनी बाइक खड़ी कर पैदल आए। उन्होंने पत्थरों से कार को नुकसान पहुंचाया और फिर वहां से भाग निकले। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

यह पहली बार नहीं है जब उज्जैन में ऐसी वारदात हुई है। इससे पहले चिमनगंज थाना क्षेत्र के बाफना पार्क और ऋषिनगर इलाके में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि, इन मामलों में अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**कॉम्बिंग गश्त का भी नहीं हुआ असर**

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही उज्जैन पुलिस ने शहर में 600 जवानों के साथ एक बड़ी कॉम्बिंग गश्त की थी। इस दौरान 185 स्थायी और 110 अस्थायी वारंट तामील किए गए थे, जिसमें ६ इनामी आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। इसके बावजूद बदमाशों द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम देना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

## अज्ञात शरारती तत्वों ने टोना-टोटका कर दहशत फैलाने की कोशिश की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय उज्जैन की कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग में सोमवार तड़के अज्ञात शरारती तत्वों ने टोना-टोटका कर दहशत फैलाने की कोशिश की। बदमाशों ने मुख्य गेट के पास दीवार पर कुंकू से तुम सब मरोगे लिख दिया, जिससे शिक्षक, कर्मचारी और छात्र भयभीत हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह जब चौकीदार आशीष बोरिंग चालू करने पहुंचा तो उसने मेन चैनल गेट के सामने एक मटकी, लाल कपड़ा और आसपास कुंकू के साथ तंत्र क्रिया जैसे निशान देखे। पास ही दीवार पर 'तुम सब मरोगे' लिखा था।

चौकीदार आशीष ने बताया कि रात करीब 2 बजे तक स्टाफ जाग रहा था, लेकिन सुबह बोरिंग चालू करने के दौरान यह सब देखा। उन्होंने मौके को बिना छुए तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नजारा देखकर घबरा गए। इस घटना के बाद विद्यार्थियों में भी डर का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इस नई बिल्डिंग में करीब 10 दिन पहले ही कक्षाएं शुरू हुई हैं, जहां लगभग 1100 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

**दीवार की पुताई कर लिखा हुआ मिटाया गया**

विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टेलर ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा यह हरकत की गई है। मौके पर रखी सामग्री को हटवा दिया गया है और दीवार पर लिखे शब्दों को मिटाकर पुताई करवा दी गई है। घटना की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दे दी गई है।

## बालगृह की 6 वर्षीय गौरी को केरल के एक निसंतान दंपति ने कानूनी प्रक्रिया से लिया गोद

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य के तहत नीमच की एक और बालिका को परिवार का स्नेह मिला है। नीमच की बाल गृह में आश्रयरत 6 वर्षीय बालिका गौरी (परिवर्तित नाम) को विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर केरल के सोनी दंपति (परिवर्तित नाम) को गोद दिया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि मिशन वात्सल्य के तहत यह दत्तक ग्रहण की कार्यवाही पूर्ण की गई। उन्होंने बताया किबालिका गौरी(परिवर्तित नाम) आयु 6 वर्ष 4 दिन, वर्ष 2020 से नीमच के सुखसागर महिला मंडल में आश्रयरत थी। संस्था संचालिका ने परिवार को खोजने के भरसक प्रयास किए। एक महिला ने बालिका की माता होने का दावा किया परंतु वह बालिका के संबंध में कोई दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की सक्रियता से विभाग द्वारा विगत 11 माह में की गई कार्यवाही के फलस्वरूप बालिका के संबंध में अन्य कोई जानकारी नहीं मिलने पर विधिवत विज्ञप्ति प्रकाशित करवाकर उसे 'लीगल फ्री' कर ष्ट्रर्क्र पोर्टल पर दर्ज कराया गया।

केरल निवासी सोनी दंपति का विवाह वर्ष 2000 में हुआ था। शादी के 20 वर्ष बाद भी संतान सुख नहीं मिलने पर उन्होंने अक्टूबर 2020 में ष्ट्रर्क्र पर पंजीयन कराया था।

साढ़े 5 वर्ष के इंतजार के बाद बालिका गौरी के लिए उनका नंबर आया। विहित प्रक्रिया अपनाकर दंपति ने नियमानुसार गौरी को गोद लिया है। बालिका गौरी को पाकर सोनी दंपति का परिवार पूर्ण हो गया है। बालिका गौरी अपने नए परिवार को पाकर अत्यंत प्रसन्न है।

## सांसद के प्रयासों से खंडवा को मिली अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात, पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

जिले को रेल सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से खंडवा स्टेशन को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का लाभ मिला है, जो बनारस से पुणे के बीच संचालित होगी। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस नई ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके बाद यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी और खंडवा स्टेशन पर भी ठहराव करेगी।

बुधवार को दोपहर 12.15 बजे अमृत भारत एक्सप्रेस के खंडवा पहुंचने पर स्टेशन पर प्रथम आगमन के अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रेल सुविधाओं को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार सक्रिय रहे हैं रेल मंत्री से बार-बार मुलाकात के कारण कई सौगात संसदीय क्षेत्र को रेल सेवाओं के लिए प्राप्त हुई है। कई ट्रेन है जो खंडवा बिना रुके गुजरती थी उनका स्टापेज सांसद श्री पाटिल के प्रयासों से हुआ हें। खंडवा स्टेशन के सौंदर्यीकरण को लेकर एक बड़ी सफलता भी सांसद श्री पाटिल के प्रयासों से देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान की गई है, इसके माध्यम से साढे 350 करोड रुपए की लागत से नया आधुनिक स्टेशन तैयार होगा, इसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हें। प्रवक्ता सुनील जैन एवं रेल सलाहकार समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि पुणे, बनारस जाने के लिए ट्रेने में कम थी बड़ी संख्या में खंडवा और आसपास के विद्यार्थी मैं पढ़ाई करते हैं उन्हें आने जाने के लिए काफी दिक्कत होती थी लेकिन अमृत भारत एक्सप्रेस का लाभ प्रतिदिन मिलने के कारण समस्या का निदान हुआ है।

बुधवार को कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन खंडवा सहित क्षेत्र के यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित होगी।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजु नागदा मोडी की नियुक्ति

**नीमच।** जिले के भारतीय जनता पार्टी के जावेद क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता राजू नागदा मोदी को भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गयाद्य प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने जावद विधानसभा क्षेत्र 230 के छोटे से ग्राम मोडी निवासी राजु नागदा मोडी को नीमच जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त हो गया है । जावद भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं सहित सुरेश जगत के मित्रों ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्ति की है सहित जावद भाजपा के युवाजनों ने नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजु नागदा मोडी को फोन लगाकर जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। भाजपा कार्यकताओं ने कहा की राजू भई के साथ 2 दशक वर्षों पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष काम करने का मौका मिला था । उस वक्त राजु नागदा मोडी, कांग्रेस शासन से डरे नही डटकर सामना करके मुंह तौड जवाब दिया था द्य और तन, मन, धन से भाजपा का कार्य किया और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, उस पल को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी नेता कार्यकर्ता सहित जिले भर के युवाओं में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है

## न्यूज -कॉलम

### पानबिहार में मिली 4 माह से लापता बालिका

**उज्जैन।** तराना तहसील की रहने वाली नाबालिग दिसबर 2025 में लापता हो गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुडा होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि तहसील का रहने वाला गोविंद नामक युवक भी लापता है। संभवत: वहीं नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। चार माह से लगातार पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मंगलवार सुबह पता चला कि नाबालिग के साथ गोविंद पानबिहार क्षेत्र में छुपा हुआ है। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने एएसआई बसंती अमलियार, आरक्षक अर्चित शर्मा, आरक्षक आनंद और महिला आरक्षक रविना पाटीदार की टीम को पानबिहार रवाना किया। जहां एक मकान से दोनों को दस्तयाब कर लिया गया। तराना लाने पर सामने आया कि गोविंद शादी का झांसा देकर ले गया था, उसने गलत काम किया है। थाना प्रभारी के अनुसार नाबालिग के बयान पर मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया गया है। युवक से पूछताछ जारी है। बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में रहने वाले सुरेश पिता परमानंद सिसौदिया को देर शाम उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। सुरेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने भर्ती किया। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद होने पर सुरेश ने मवेशियों का पेट साफ करने का कीटनाशक पी लिया है। हालत गंभीर होने पर ड्युटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई है। सुरेश की हालत में सुधार आने पर पुलिस बयान दर्ज करेगी।

### महिलाओं के विवाद में 2 पक्षो में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ग्यारसी नगर में रहने वाली सीमा पति करण कटारिया 35 साल का मायके आई बरखा पति मंगेश सेन से पारिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया। सीमा ने समीर, जगदीश और रंजीत के साथ मिलकर मारपीट कर दी। बरखा मारपीट होने पर पति मंगेश निवासी सेठीनगर को बुला लिया। मंगेश दोस्त संदीप परिहार के साथ ग्यारसी नगर पहुंचा। जहां मंगेश और संदीप ने मिलकर सीमा के परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटनाक्रम में दोनों पक्षों को चोंट लगी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने सीमा कटारिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। वहीं घायल बरखा उसके पति मंगेश और दोस्त संदीप के अस्पताल में भर्ती होने पर एसआई जसवंतसिंह राजपूत ने अस्पताल पहुंच घायलों के बयान दर्ज कर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### छत्रीचौक और मिर्चीनाला से पकडाये सट्टा खाईवाल

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के छत्रीचौक गार्डन और मिर्चीनाला क्षेत्र में 2 युवकों द्वारा सट्टा खाईवाली की जा रही थी। मामले की सूचना मिलने पर एसआई लिवान कुजूर टीम के साथ छत्री चौक गार्डन पहुंचे और सट्टा खाईवाली कर युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से सट्टा अंक पर्ची और कुछ नगद राशि बरामद कर पूछताछ की गई। उसने अपने साथी द्वारा मिर्चीनाला क्षेत्र में खाईवाली की बात कबूल की। पुलिस टीम मिर्चीनाला पहुंची और दूसरे साथी को भी हिरासत में लेकर सट्टा अंक पर्ची बरामद की। दोनों के खिलाफ सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### आग लगाने पर भिडे 2 पक्ष

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम कजलाना झालरिया मार्ग पर सय्यद सादिक पिता मुबारिक अली और उसके भाई सय्यद इमरान अली का खेत है। जहां दोनों भाई जामफल की खेती करते है। दोनों के खेत में आग लग गई। इसी बात पर दोनों का परिवार आमने-सामने हो गया और जामफल के बगीचे में आग लगाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। दोनों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ आग लगाकर नुकसान करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना था कि मामले की जांच शुरू की गई है। आग कैसे लगी इसका पता जल्द लगा लिया जायेगा।

### बाइक सवार 2 युवकों के पास मिले खटकेदार चाकू

**उज्जैन।** अपराधों पर अंकुश बनाये रखने के लिये पुलिस रात्रि गश्त में संदिग्धों की तलाशी लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार-मंगलवार रात नागझिरी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान जागृति ढाबा के सामने बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड क्यू 7484 पर सवार दो युवकों का रोका और पूछताछ की तो उन्होने अपने नाम समीर दास और अंकित होना बताये। पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2 खटकेदार चाकू बरामद हो गये। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर बाइक जप्त की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 469-9 | 224-8 |
| मेन बाजार | 238-3 | 247-3 |
| कल्याण नाइट | 566-7 | 3358-6 |
| मिलन डे | 144-9 | 599-3 |
| मिलन नाइट | 137-1 | 289-9 |
| मधुर डे | 119-1 | 688-2 |
| मधुर नाइट | 146-1 | 459-8 |
| शुभांक | 1 2 9 | |

# नलवा-चंदूखेड़ी के बीच आयशर-टैंकर में भिड़ंत

## चालक को निकालने के लिये बुलाई जेसीबी, कुछ देर बाद हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर ग्राम नलवा-चंदूखेडी के बीच मंगलवार दोपहर आयशर और पानी के टैंकर में भिडंत हो गई। आयशर चालक को निकालने के लिये जेसीबी बुलाई गई। चेन बांधकर क्षतिग्रस्त हिस्से का खींचा गया और चालक को बाहर निकाला। लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि दोपहर में ग्राम नलवा-चंदूखेडी से गुजर रहे देवास-बदनावर हाइवे पर किनारे पर लगे पौधों में टैंकर के माध्यम से पानी दिया जा रहा था। उसी दौरान तेजगति से आ रही आयशर टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई, हादसा काफी भीषण था। टैंकर पलटी खा गया और आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें चालक फंस गया था। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गंभीर घायल हो चुके चालक को बाहर निकालने के लिये जेसीबी बुलाई गई और उसमें लोहे की चेन बांधकर क्षतिग्रस्त हिस्से को खींचा गया। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाला, उसके दोनों पैर पूरी तरह से टूट चुके थे। हालत गंभीर होने पर चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां नाजुक स्थिति में एम्बुलेंस से इंदौर रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।





### कार चालक लेकर पहुंचा था चरक अस्पताल

ब?नगर का रहने वाला अर्पित नागर दुर्घटनास्थल से गुजर रहा था। उसने घटनाक्रम देखा तो रूक गया। आयशर चालक को बाहर निकालने के बाद एम्बुलेंस को कॉल किया गया। लेकिन 1 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। अर्पित नागर अपनी कार से घायल को चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। अर्पित के अनुसार घायल चालक का नाम विवेक यादव निवासी जौनपुर प्रयागराज सामने आया था। उसके परिजनों को सूचना दी गई है। वहीं थाना प्रभारी हेमराज यादव का कहना था कि आयशर नम्बर से मालिक का पता लगाकर सूचना दी गई है। बुधवार सुबह उनके उज्जैन पहुंचने पर चालक के संबंध में पूरी जानकारी सामने आ पायेगी।

### कटनी से राणापुर जा रही थी आयशर

बताया जा रहा है कि चालक कटनी से आयशर में चावल भरकर अलीराजपुर के राणापुर के लिये निकाला था। हाइवे से गुजरते समय रफ्तार तेज होने पर पानी के टैंकर में पीछे से टकरा गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिये हाइवे पर यातायात प्रभावित हो गया था। चालक को बाहर निकालने के बाद दोनों वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात का शुरू किया गया।

### पांच साल बाद 43 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान...

# रात का न्यूनतम पारा भी रिकार्ड तोडने को आतूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिन में पड रही भीषण गर्मी के बाद अब रात का न्यूनतम तापमान भी रिकार्ड तोडने पर आतूर दिखाई दे रहा है। सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया है। इस सीजन में 25 अप्रैल को अधिकतम तापमान पांच साल बाद 43 डिग्री दर्ज हुआ है।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में बारिश, ओलावृष्टि से मौसम बदला हुआ था और तापमान 35 डिग्री के आसपास बना हुआ था। लेकिन 20 अप्रैल के बाद तापमान में तेजी आना शुरू हो गई। 40 डिग्री के आसपास पहुंच चुके अधिकतम तापमान ने 25 अप्रैल को 43 डिग्री पर दस्तक दी। जो पिछले पांच सालों में सबसे अधिक होना सामने आया। अधिकतम में आई तेजी के साथ रात का न्यूनतम पारा भी गति पकडने लगा है। 27-28 अप्रैल की रात न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक रहा। जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार इससे पहले न्यूनतम तापमान 21 अप्रैल 2022 को 27. 5 डिग्री पहुंचा था। दिन-रात के तापमान में आ रही तेजी के साथ आम जनजीवन अब पूरी तरह से प्रभावित दिखाई देने लगा है। जिस दिन में चैन नहीं मिल रहा है, वहीं रात भी बैचेन भरी हो गई है। कूलर की हवा भी दम तो?ती दिखाई दे रही है। अब सिर्फ एसी से ही राहत महसूस की जा रही है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में दिन-रात का तापमान ओर बड सकता है। इस बीच मौसम में बदलाव का नजारा भी दिखाई देगा।

**12 कि.मी. की रफ्ता से चल रही हवा**

25 अप्रैल को 43 डिग्री पहुंचे तापमान के बाद हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई है। मंगलवार को हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर की थी। जिसक चलते अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह आर्द्रता का प्रतिशत 51 और शाम को 21 प्रतिशत रहा। दिन में चल रही हवा पश्चिमी दिशा की ओर से आ रही थी। जिसमें गर्माहाट महसूस हो रही थी। शाम ढलने के बाद गर्मी के साथ उमस बड गई थी। गर्मी से शादी-समारोह के साथ व्यापार व्यवसाय भी प्रभावित हो गया था।

### गर्मी को लेकर मछली पालकों को चेताया

मत्स्य पालन विभाग ने निजी एवं समस्त मत्स्य पालकों को अर्लट करते कहा कि अप्रैल 2026 में मध्यप्रदेश भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) की चपेट में है, तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तापमान में परिवर्तन से भीषण गर्मी (हीट वेव) के दौरान तालाबों का तापमान बडने और ऑक्सीजन कम होने से मछलियों के मरने का खतरा बड जाता है। सहायक संचालक मत्स्य पालन के अनुसार इन परिस्थितियों में मछलियों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पालक गर्मियों में तालाब की नियमित निगरानी करें। यदि मछलियां पानी की सतह पर आकर सांस लेती हुई दिखें, तो यह ऑक्सीजन की कमी का संकेत है। तुरंत ताजे पानी का प्रवाह बढाएं। मछलियों का खान-पान और गतिविधि का ध्यान रखें। तालाब में लगातार पानी भरते रहें, ताकि जलस्तर 5 से 6 फीट तक बना रहे। गहराई होने से पानी जल्दी गर्म नहीं होता। सुबह-शाम पास के सबमर्सिबल पंप या ट्यूबवेल से ताजा ठंडा पानी डालें, जिससे घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे।



**पिछले 5 वर्ष में ऐसा रहा अप्रेल-**

| वर्ष | अधिकतम | वर्ष | न्यूनतम |
|---|---|---|---|
| 29.04.21 | 42.0 | 24.04.21 | 23.0 |
| 09.04.22 | 42.2 | 21.04.22 | 27.5 |
| 18.04.23 | 40.0 | 26.04.23 | 25.0 |
| 18.04.24 | 40.5 | 19.04.24 | 24.0 |
| 18.04.25 | 42.8 | 29.04.25 | 27.0 |
| 25.04.26 | 43.0 | 28.04.26 | 26.0 |

स्त्रोत-शासकीय जीवाजी वेधशाला,उज्जैन।
नोट- आंकडे डिग्री सेंटीग्रेड में है।

### विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने संभाला पदभार

**उज्जैन में 1400 फ्लैट बनेंगे**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने मंगलवार शाम पदभार ग्रहण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष मुकेश यादव, रवि वर्मा और सदस्य विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामा गुरु), सुशीला जाटवा और दुर्गा बिलोटिया ने भी विधिवत जिम्मेदारी संभाली।

पदभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष रवि सोलंकी ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शहर के विकास और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियां उनकी पहली प्राथमिकता रहेंगी। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ महापर्व में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क निर्माण सहित सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं समय पर और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधुनिक शहर निर्माण के विजन के अनुसार उज्जैन को बेहतर और मजबूत आधारभूत सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष सोलंकी ने जानकारी दी कि मास्टर प्लान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) और निम्न आय वर्ग (LIG) के लिए करीब 1400 फ्लैट जल्द बनाए जाएंगे। इससे शहर के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे, ताकि उज्जैन को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सके। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। सभी ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और आम लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. फारूख पटेल पिता मुबारिक पटेल निवासी मकान नम्बर 35, वार्ड नंबर 13, हवनखेड़ी, बिन्जाना, देवास (म.प्र.) 2. वकील पिता गफ्फार खॉ मंसूरी 3. सलील पिता गफ्फारखॉ मंसूरी निवासी ग्राम कछालिया तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1249/2 रकबा 0.6700 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1250/2 रकबा 0.0600 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 1252/1/2 रकबा 0.5800 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1271/1 रकबा 0.1700 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 1272/1 रकबा 0.1800 हेक्टर कुल किता 5 रकबा 1.6600 हेक्टर ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीष प.ह.न. 0046 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जो भू-अभिलेख में फारूख पटेल के नाम दर्ज है एवं भूमि सर्वे क्रमांक 1249/1 रकबा 0.3400 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1250/1 रकबा 0.0100 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 1252/1/1 रकबा 0.0500 हेक्टर, कुल किता 3 रकबा 0.4000 हेक्टर ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीष प.ह.न. 0046 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जो भू-अभिलेख में वकील व सलील खां मसूरी के नाम दर्ज होकर को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन अपने हित मे करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 28-04-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन मो. 98264-44002**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी कनीराम पिता मेघा जी निवासी ग्राम व कृषक ग्राम किशनपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की स्वामित्व अधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे सर्वे क्रमांक 46/2 रकबा 1.00 हेक्टर मे से रकबा 0.30 आरे कुल किता 1 कुल रकबा 0.30 हेक्टर स्थित ग्राम किशनपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर किया गया है जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने विक्रेता को अदा कर अपने नाम की सोदा चिटठी व अनुबंध पत्र तैयार करवा लिया है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुज अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक- 28/04/2026 स्थान-घट्टिया

**शादाब मन्सुरी सर्विस प्रोवाईडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर**
**कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8878601187-8770092900**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ मिथुन पिता श्री बाबूलाल मालवीय, निवासी ग्राम मौजमखेडी, कालभैरव मार्ग मौजमखेडी जिला उज्जैन, म.प्र. द्वारा भवन विक्रय का एक लिखित अनुबंध सोहेल हुसैन अब्बासी पिता नासिर हुसैन अब्बासी, निवासी-08/1 वीरदुर्गादास मार्ग गली नंबर 5 उज्जैन, म.प्र. से किया गया है, उक्त भवन सोहेल हुसैन अब्बासी के नाम पर दर्ज होकर उक्त भवन भूमि सर्वे नबर 804/1 में का भाग स्थित ईमलीपुरा बलाई बाखल तिलकेश्वर मार्ग, मुख्य मार्ग से अंदर उज्जैन में स्थित होकर उक्त भवन दो मंजिला पक्का आरसीसी का बना हुआ है। जिसे भवन स्वामी की हैसियत से विक्रय किये जाने हेतु मुझसे बयाना प्राप्त कर लिया गया है तथा अतिशीघ्र ही शेष राशि देकर पंजीयन किया जाना शेष है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त भवन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय को यदि विक्रय पत्र में आपत्ति हो तो वे जाहिर सूचना के 7 दिवस में मेरे उपरोक्त वर्णित पते पर उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दस्तावेज सहित दर्ज करावे, अन्यथा अवधि पश्चात् मेरे द्वारा विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा, इसके पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हों।

इति दिनांक 27.04.2026

**मिथुन पिता श्री बाबूलाल मालवीय**
**निवासी ग्राम मौजमखेड़ी, कालभैरव मार्ग मौजमखेड़ी जिला उज्जैन**
**मो. 9926432693**

**जाहिर सूचना**

यह कि मुझ प्रार्थी ने भूमिस्वामी शोकिन खां पिता उमर खां, निवासी- ग्राम जुनी ताजपुर मेवातिपुरा जिला उज्जैन, के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे कमांक 32 रकबा 0.950 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा लगभग बीस वर्षों पूर्व किया था, तथा लिखित अनुबंध का संपादन शोकिन खां से दिनांक 21/06/2024 को किया हुआ है. उक्त भूमि का कब्जा मुझ प्रार्थी के पास ही लगभग बीस वर्षों से चला आ रहा है, तथा शोकिन खां विकय पत्र का संपादन करने में टाल-मटोली कर रहे है, एवं मुझ प्रार्थी को सुत्रों से पता चला है, कि शोकिन खां द्वारा उक्त भूमि किसी अन्य को विक्रय करना चाहते है, इसिलिए विक्रय पत्र का संपादन करने के लिए नहीं आ रहे है, इसलिए मेरे द्वारा शोकिन खां द्वारा धोखाधड़ी कि सुचना पुलिस थाना, पंवासा में दर्ज कर्रा दी है, एवं उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन में भी उक्त भूमि पर आपत्ति दर्ज करा रखी है एवं शोकिन खां के द्वारा मेरी ओर से वकील द्वारा नोटिस भी भेजा चुका है तथा अब न्यायालय में वाद दायर करने की कार्यवाही कि जा रही है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उक्त भूमि का सौदा किसी भी व्यक्ति, बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, आदिगण द्वारा नही किया जावे, अन्यथा बाद में होने वाली कार्यवाही में स्वंय की जिम्मेदारी रहेगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक- 29-04-2026 स्थान उज्जैन

**सलीम खां पिता नाहर खां,**
**पता- ग्राम जुनी ताजपुर मेवातिपुरा जिला उज्जैन मो. 9754696883**

# आखिर ध्यान क्या है



एकाग्रचित्त होना ध्यान नहीं है, क्योंकि जहां रुचि होती है, वहां किसी वस्तु पर एकाग्रचित्त होना अपेक्षाकृत सरल होता है। युद्ध और नरसंहार की योजना बनाने वाला सेनापति बड़ा एकाग्रचित्त होता है। पैसा कमाने वाला व्यापारी भी बड़ा एकाग्रचित्त होता है। वह कठोर भी हो सकता है, क्योंकि वह प्रत्येक दूसरी भावना को एक ओर कर-के, जो चाहता है, उस पर पूर्णतया एकाग्रचित्त होता है। ऐसी एकाग्रता ध्यान नहीं है। वह केवल बहिष्करण है। फिर ध्यान क्या है? निस्संदेह ध्यान समझ है। यदि बहिष्करण होगा, तो समझ कैसे हो सकती है? जहां निवेदन है, अनुनय है, वहां समझ कैसे हो सकती है? बोध में, समझ में शांति होती है, स्वतंत्रता होती है; जिसे आप समझ लेते हैं, उससे आप मुक्त हो जाते हैं। केवल एकाग्रचित्त होना अथवा प्रार्थना करना समझ नहीं लाता। समझ ध्यान का आधार है, ध्यान की मूलभूत प्रक्रिया है। आप इस विषय में मेरे शब्दों को बेशक स्वीकार न करें, परंतु यदि आप प्रार्थना और एकाग्रता का सावधानी से परीक्षण करेंगे, तो पाएंगे कि इनमें से कोई समझ नहीं ला सकता। यह केवल दुराग्रह, दृढ़ता और भ्रम है, जबकि ध्यान से स्वतंत्रता, स्पष्टता और समग्रता आती है। फिर बोध का, समझ का क्या अर्थ है? इसका अर्थ है, सभी वस्तुओं को उचित अर्थवत्ता, उचित मूल्य प्रदान करना। अज्ञानी होने का अर्थ है, गलत मूल्य प्रदान करना; मूर्खता का स्वभाव ही है कि वह उचित मूल्यों को नहीं समझती। बोध तभी होता है, जब उचित मूल्य होते हैं। उचित मूल्यों को स्थापित कैसे किया जाए- संपत्ति के उचित मूल्य को, संबंध के उचित मूल्य को, धारणाओं के उचित मूल्य को? उचित मूल्य स्थापित हो सके, इसके लिए आवश्यक है कि आप विचारकर्ता को समझें। यदि मैं विचारकर्ता को नहीं समझता, जो मैं स्वयं हूं, तो मेरे चुनाव का, मेरे वरण का कोई अर्थ नहीं है, अर्थात यदि मैं अपने आप को ही नहीं जानता, तो मेरे कर्म, मेरे विचार का कोई भी आधार नहीं है। अतः स्व-बोध ध्यान का आरंभ है, वह बोध नहीं, जिसे आप पुस्तकों, अधिकारी व्यक्तियों, गुरुओं से प्राप्त करते हैं, बल्कि वह समझ जो स्व-अन्वेषण से आती है, जो आत्म-सजगता है। ध्यान स्व-बोध का आरंभ है और स्वबोध के बिना ध्यान संभव नहीं है। यदि मैं अपने विचारों, अपनी भावनाओं के तौर-तरीकों को नहीं समझता, यदि मैं अपने अभिप्रायों, अपनी आकांक्षाओं, अपनी मांगों, कर्म के विभिन्न प्रारूपों के अपने अनुशीलन को अर्थात धारणाओं को नहीं समझता, यदि मैं स्वयं को नहीं जानता, तो चिंतन के लिए कोई आधार ही नहीं बनता। खुद को समझे बिना जो विचारकर्ता केवल मांगता है, प्रार्थना करता है, बहिष्करण करता है, उसके हाथ सिर्फ दुविधा और भ्रांति ही लगने वाली है।



**सम्पादकीय**

## एक अच्छा समझौता

लगभग दो महीने से ईरान में जारी तनाव के बाद विश्व स्तर पर एक खुशखबरी सामने आई है। भारत और न्यूजीलैंड ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करके जैसी सकारात्मकता का संचार किया है, उसकी विश्व को बड़ी जरूरत है। हां, मोटे तौर पर यह समझौता बीते वर्ष दिसंबर में ही हो गया था, लेकिन विश्व में बिगड़े हालात की वजह से इसमें लगभग चार महीने का समय लग गया। जो समझौता हुआ है, उसके बीस पहलू या अध्याय हैं। इनमें सबसे ऐतिहासिक है व्यापार और निवेश। विश्व में एक समय केंद्रीकृत व्यापार व्यवस्था बनती दिख रही थी, लेकिन बीते चार वर्ष से ज्यादातर देश द्विपक्षीय समझौते को तरजीह दे रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन का जादू खत्म हो चुका है। आश्चर्य नहीं कि बीते चार वर्ष में भारत कम से कम सात व्यापार समझौते कर चुका है। न्यूजीलैंड एक छोटा, पर विकसित देश है और आज के दौर में एक-एक देश का महत्व है। हर व्यापारी या उत्पादक मुल्क दुनिया में अपने बाजार का विस्तार ऐसे ही कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही खुशी का इजहार करते हुए कहा है कि यह समझौता भारतीय किसानों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, कारीगरों, एमएसएमई और नवाचारियों को लाभ पहुंचाएगा।

इस समझौते से भारत का ही नहीं, न्यूजीलैंड का भी निर्यात बढ़ेगा। भारत से जो उत्पाद न्यूजीलैंड जाएंगे, उनमें से 95 प्रतिशत पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। जाहिर है, इससे भारतीय व्यापारियों को सुविधा होगी। इसके अलावा, न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड में काम के ज्यादा अवसर मिलेंगे। सबको पता है, न्यूजीलैंड से फलों का आयात होता है, एवोकाडो व ब्लूबेरी जैसे फलों की भारत में मांग तेजी से बढ़ रही है। इस समझौते में खास यह भी है कि दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग समझौता हुआ है। मतलब, भारतीय किसानों को कीवी, सेब की खेती और शहद उत्पादन में न्यूजीलैंड से सहायता मिलेगी। चूंकि भारत में जलवायु की विविधता है, तो फल उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत बहुत कुछ कर सकता है। ऐसे कृषि समझौते भारत को यूरोपीय संघ या यूरोपीय देशों के साथ भी करने चाहिए। भारत फल उत्पादन के मामले में केवल चीन से पीछे है और आम, केला और पपीता उत्पादन में अव्वल है। चूंकि भारत में खुद की खपत बहुत ज्यादा है, इसलिए निर्यात के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी।

### बंगाल में एसआईआर के खिलाफ नहीं

# ममता के खिलाफ मतदान हुआ प्रथम चरण में



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी और अन्य भाजपा नेताओं की रैलियों में स्वतः स्फूर्त मतदाताओं की भीड़ और जय श्री राम के उद्घोष के साथ उत्साहित जनता और एक ही नारा परिवर्तन होवे यह बताता है कि बंगाल की जनता दीदी के कुशासन से निजात पाना चाहती है। प्रथम चरण के मतदान का आजादी के बाद का यह पहला चुनाव है जिसमें मतदान प्रतिशत 92 से अधिक रहा। कहीं-कहीं तो यह 96 प्रतिशत को भी पार कर गया। हालांकि ममता इस बढ़े मतदान प्रतिशत को अपने पक्ष में यह कहकर कि यह लोगों का एसआईआर के खिलाफ गुस्से का मतदान है दिल को बहला रहीं हैं लेकिन इसको गले उतारना केवल टीएमसी समर्थकों के बस की ही बात है अन्यथा तो सड़कों पर मतदान के लिए उमड़ी भीड़ और मतदान कक्षों पर लगी लंबी-लंबी कतारें यह स्पष्ट कर रही थी कि बंगाल की जनता ने बिना डरे मतदान करने का संकल्प कर लिया था। पिछले चुनाव में हिंसा के डर से नहीं निकलने वाले मतदाताओं ने इस बार सोच लिया था कि चाहे कुछ हो जाए इस बार दीदी नहीं, बस परिवर्तन चाहिए। सोशल मीडिया हो या विभिन्न समाचार चैनल हर एक पर प्रसारित वीडियो बता रहे थे कि युवा हों या वृद्ध या प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाता हों या बंगाली महिलाएं सबके मुंह से एक ही आवाज निकल रही थी बदलाव चाहिए और जो नहीं बोल रहे थे उनकी खामोशी बोल रही थी कि बदलाव चाहिए। निश्चित ही प्रथम चरण की 152 सीटों के लिए हुए मतदान पर अपने-अपने पक्ष में संभावनाएं बताने वाले इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि मतदान का रिकॉर्ड प्रतिशत कुछ ऐसा रहा कि जिसकी उम्मीद ममता को तो नहीं ही होगी। वैसे विभिन्न समाचार चैनलों के संवाददाता घूम-घूम कर यह पूछते रहे कि क्या होगा, क्या कोई डर लगता है, क्या दीदी दोबारा आ सकती हैं, इस सब का उत्तर एक ही था परिवर्तन होवे, बदलाव होगा। लेकिन टीएमसी इस बात को मानने को तैयार नहीं है। जब मतदाताओं से पूछा जाता है कि परिवर्तन क्यों चाहते हैं तो सीधा उत्तर था अगर बदलाव नहीं होगा तो सनातन खत्म हो जाएगा। हिंदू मारा जाएगा। देश में बंगाल, बंगाल नहीं रहेगा बल्कि बांग्लादेश हो जाएगा। इन कथनों की गहराई में जाएं तो इसे मानने में किसी तरह की हैरानी नहीं होनी चाहिए कि इस बदलाव की चाहत का प्रमुख कारण अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए हिंदुओं के नरसंहार की त्रासदी ही है। यही नहीं तब से ही ममता के खिलाफ आक्रोश अंदर ही अंदर पनप और पुष्ट हो रहा था। जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिलाओं और लड़कियों से कहे कि आठ बजे के बाद सड़कों पर मत निकला करो उस राज्य की लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति क्या हो सकती है सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस बार ममता की कोई नौटंकी नहीं चली। हिंदू मतों का ध्रुवीकरण बेहद बड़े पैमाने पर होता दिखाई दिया। बंगाली हिंदू महिलाएं हों या पुरुष नए वोटर हों या युवक युवतियां सबके अंदर टीएमसी की सत्ता के विरुद्ध आक्रोश की परिणिति मतदान के बड़े प्रतिशत में दिखाई दी। आश्चर्य तो इस बात का है कि इस बार जो मतदाता राज्य से बाहर थे वे भी अपना-अपना काम छोड़ सपरिवार वोट डालने आए। जब गुंडों का डर था तब कोई नहीं आता था। इस बार चुनाव से पहले 10 दिनों तक ट्रेनों, बसों और फ्लाइट्स के टिकट ही नहीं मिल रहे थे। हावड़ा, न्यू जलपाईगुड़ी, मालदा टाउन और वर्धमान जंक्शन जैसे स्टेशन भीड़ से भरे पड़े थे। इस वापसी से टीएमसी इतनी चिंतित हुई कि ममता ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि बीजेपी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है और प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था कर रही है। लेकिन सच्चाई यह थी कि ये वापस आने वाले लोग ममता के खिलाफ वोट डालने आए और स्वीकार करते दिखे कि वह बदलाव चाहते हैं। जब इनसे पूछा गया कि बदलाव क्यों चाहिए तो उनका उत्तर था ममता ने राज्य को नर्क बना दिया। न यहां रोजगार है न कोई विकास हुआ न कोई उद्योग विकसित हुए। विगत 15 सालों में महिलाओं का उत्पीड़न और गुंडों का आतंक बढ़ा। अब और नहीं चाहिए ऐसा शासन। उत्साह का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि मतदाता कड़ी धूप में लाइनों में लगे अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मतदान प्रतिशत के बढ़ने से यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि आखिर इसका फायदा किसे मिलने वाला है। क्या वाकई बीजेपी ने पहले चरण में बढ़त बना ली है। इस चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है उनमें से 52 सीटें ऐसी हैं जिनमें हिंदुओं की आबादी 80 फीसदी से अधिक है तथा 2021 में यहां भाजपा ने 27 सीटें जीती थीं। इसी तरह 92 सीटें ऐसी हैं जहां हिंदुओं की आबादी 50 फीसदी से अधिक है। इन सीटों में 2021 में भाजपा 42 सीटें जीती थी। इस चुनाव में हालात बदले हुए हैं और 1977 के चुनाव की तरह बदलाव की आंधी है तब क्यों न माना जाए इन 144 हिंदू मतदाताओं वाली सीटों में यदि हिंदुओं ने भाजपा के पक्ष में थोक बंद मतदान किया तो 100 से अधिक सीटों पर जीत से इनकार नहीं किया जा सकता। निश्चित ही जिन सीटों पर हिंदू बहुसंख्यक हैं उन सीटों पर बंपर वोटिंग बता रही है कि हिंदू मतदाता ममता की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति से परेशान थी। यही कारण है कि ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि पहले चरण में बीजेपी की बढ़त निश्चित है। भाजपा के चाणक्य और चुनावी रणनीतिकार देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पहले चरण के मतदान में 152 में से 110 सीटें जीतने का दावा किया है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित बदलाव की पूरी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे लेफ्ट दलों का बंगाल में 34 साल शासन रहा हो या ममता का पिछले 15 साल शासन रहा हो दोनों ही कार्यकाल में चुनावी हिंसा हमेशा चरम पर रही। यही नहीं लोकसभा या विधानसभा तो बड़े चुनाव हैं लेकिन पिछले पंचायत चुनाव भी खून से रंगे ही रहे थे। लेकिन प्रथम चरण के चुनाव में हिंसा जैसी गंभीर स्थितियां देखने को नहीं मिली जबकि लगभग 44000 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ और बताया गया कि कुछ छुटपुट घटनाओं के साथ मात्र 11 स्थानों पर तीखी झड़पें देखने को मिलीं लेकिन किसी की जीवन लीला समाप्त होने जैसी कोई सूचना नहीं है जबकि 2021 के विधानसभा चुनाव में 300 से अधिक हिंसक घटनाएं हुई थीं जिनमें 57 लोगों की मौत हुई थी। यह चुनाव आयोग की सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी और हर एक मतदान केंद्र और क्षेत्र में केंद्रीय बल और पुलिस की समुचित व्यवस्था का परिणाम है अन्यथा तो यह चुनाव अनेक कारणों से बहुत संवेदनशील था क्योंकि एक तरफ तो एसआईआर के कारण 90 लाख से अधिक वोटरों के नाम काटे गए थे तो दूसरी ओर टीएमसी के गुंडे इस बार ज्यादा उत्पात मचाते लेकिन उनकी नाक में नकेल डालने का काम सुरक्षा एजेंसीयों ने जिस मुस्तैदी से किया वह प्रशंसा करने योग्य है।

### रिक्त स्थान भरें

उस घर की देहलीज पर कदम रखते ही उसका नाम किसी पुराने सिक्के की तरह चलन से बाहर हो गया, जिसे रिश्तों के बैंक ने ब्लैकलिस्ट कर दिया था। वह ससुराल की उस प्रयोगशाला का हिस्सा बन गई जहाँ औरत को 'अमुक की बहू' नामक एसिड में घोलकर उसका अस्तित्व जला दिया जाता है। वह उस लोकतंत्र की मूक मतदाता थी जहाँ उसका एकमात्र अधिकार रसोई के चूल्हे को बहुमत से जिताना था। वह 'वर्मा जी की श्रीमती' नामक टाइटल के पीछे ऐसे छिप गई थी जैसे सरकारी फाइलों के पीछे सच और भ्रष्टाचार छिप जाता है। मोहल्ले के लोग उसे एक सचल संपत्ति मानते थे, जिसकी अपनी कोई आवाज नहीं थी, बस बर्तनों की खनक ही उसकी एकमात्र अभिव्यक्ति थी। उसकी पूरी ज़िंदगी प्रेशर कुकर की सीटी और सास के बीपी के बीच एक ऐसा संतुलन थी, जिसे साधते-साधते उसका अपना संतुलन ही बिगड़ चुका था।

सुनो, पनीर में नमक तुम्हारे मायके जैसा है, पतिदेव ने ऐसा तंज कसा कि उसकी स्वाभिमान की पसलियाँ चटख गईं। वह नायिका की तरह सपने तो देखती थी, पर उन सपनों को सुबह की चाय की पत्ती के साथ डस्टबिन में सिझा देती थी। उसके पास डिग्रियाँ तो बहुत थीं, पर उनका उपयोग केवल अलमारी के शेल्फ पर बिछाने वाले कागज के तौर पर हो रहा था। उसे 'चिंटू की मम्मी' का ऐसा सॉफ्टवेयर पहना दिया गया था कि वह खुद को इंसान नहीं, बल्कि एक 'ऑपरेटिंग सिस्टम' समझने लगी थी। घर की नेमप्लेट पर उसका नाम न होना इस बात का पुख्ता सबूत था कि वह उस घर की मालकिन नहीं, बल्कि एक लॉन्ग-टर्म लीज पर आई हुई मशीन थी। हर सालगिरह पर उसे साड़ी तोहफे में दी जाती, ताकि उसके पुराने पड़ते अस्तित्व पर एक नया पर्दा डाला जा सके। अचानक एक दिन घर में मातम छा गया, जब वह कोमा में चली गई और अस्पताल के फॉर्म पर मरीज का नाम लिखने की बारी आई।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 अप्रैल 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:59 सूर्यास्त 18:50
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 19:51 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - हस्त 24:16 उपरांत चित्रा
योग - हर्षण 20:50 उपरांत वज्र
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 11 तारिख

**मेष-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृषभ-** पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन-** अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कर्क-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**सिंह-** भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में प्रसन्न रहेंगे।

**तुला-** किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**धनु-** वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर-** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी।

**कुंभ-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**विचार**

## आधुनिक तकनीक नई पीढ़ी को कहीं शारीरिक और मानसिक रूप से पंगु न बना देवें



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

बिना किसी भूमिका के यह सीधा सा सवाल है कि क्या तकनीक नई पीढ़ी को पंगु बना रही है? हालांकि यह सवाल नई पीढ़ी को बेमानी लग सकता है, लेकिन वर्तमान में प्रौढ़ावस्था और वृद्धावस्था को प्राप्त शख्सियत निश्चित रूप से इस सवाल पर इत्तेफाक रख सकती है। माना कि निरंतर बदलते दौर में बदलाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता और न ही बीते हुए दौर के साथ चला जा सकता है। दरअसल आजकल तकनीक इतनी विकसित हो गई है कि देखते ही देखते हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। एक प्रकार से दुनिया में इतने बदलाव आ रहे हैं कि देखते ही देखते आप और हम₹ युग परिवर्तन के साक्षी बनते जा रहे हैं।

निरंतर नए-नए आविष्कार हो रहे हैं और ब्रह्मांड की भी नब्ज टटोली जा रही है। आजकल के दौर में जो कल तक असंभव था वह आज संभव सिद्ध हो रहा है। यही नहीं अपितु जो कुछ आज भी असंभव माना जा रहा है, वह भी आने वाले दौर में असंभव ही रहेगा, यह कोई जरूरी नहीं है। दरअसल दुनिया लगातार क्रांतिकारी दौर से गुजरते हुए इस कदर बदलती जा रही है कि जो कल था वह आज नहीं है और जो आज है वह कल नहीं होगा। इस महा बदलाव के चलते हमारे शहरी और ग्रामीण जन जीवन में लगातार आमूलचूल परिवर्तन आता जा रहा है। शहर तो ठीक लेकिन आजकल के छोटे-छोटे गांव भी ऐसे गांव नहीं रहे जिसकी कल्पना की जाती रही हो।

बीते दौर में ऐसा माना जाता था कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी हुआ करती है। लेकिन वर्तमान दौर में तमाम तरह के आविष्कार अनिवार्य तथा आरामदायक आवश्यकता में तब्दील हो रहे है। जैसा कि बोलचाल की भाषा में कहा जाता है कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। हमने हर एक क्षेत्र में आधुनिक से आधुनिक तकनीक को गले लगाया है तो कुछ एक बात ऐसी भी हो सकती है जो हमारे लिए जी का जंजाल बन जाएं। दरअसल हमने तकनीक को आत्मसात करते हुए मानवीय संवेदनाओं की महत्ता को तार-तार कर दिया है। यही कारण है कि बदलते जमाने में आदमी प्रैक्टिकल बनने के नाम पर सभ्यता तथा संस्कृति से विमुख हो रहा है।

जिसे देखो वह आधुनिक तकनीक के सहारे मानसिक श्रम ही अधिक करता नजर आता है। अन्यथा एक दौर वह था जब हमारी दिनचर्या में शारीरिक श्रम की अधिकता रहा करती थी। जिसके चलते बिना कोई विशेष व्यायाम या कसरत किए हर किसी के व्यायाम या कसरत की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती थी। घर परिवार में अनाज तथा मसाले पीसने के साथ-साथ पानी भरने से लेकर साफ सफाई की क्रिया शरीर की चैतन्यता में वृद्धि किया करती थी। उस दौर में हर तरह से आत्मनिर्भर रहा जाता था। खानपान और रहन सहन में शुद्धता तथा सादगी थी । किसी भी किस्म का अनावश्यक तनाव नजदीक नहीं फटकता था।

परिवार भी संयुक्त होते थे जिसमें छोटे-छोटे बच्चों को दादा-दादी से तरह-तरह की कहानियां सुनने को मिला करती थी। जिसके चलते बच्चों में उच्च स्तरीय संस्कारों का बीजारोपण हुआ करता था। बच्चे भी परंपरागत खेलों में रुचि लेते हुए एक प्रकार से जिंदगी के खेल में भी निपुणता प्राप्त करते थे। लेकिन आज ऐसी स्थिति नहीं है। अब यह लिखने की जरूरत नहीं कि आजकल कैसी स्थिति है? दरअसल आजकल के बच्चों का बचपन, वैसा बचपन नहीं है जैसा बचपन आजकल के प्रौढ़ावस्था या वृद्धावस्था को प्राप्त शख्सियत का रहा करता था। यही कारण है कि आजकल के बच्चे भी तमाम तरह की शारीरिक और मानसिक व्याधियों का शिकार बनते जा रहे हैं।

# दल-बदल की नई पटकथा: सियासत का गणित या लोकतंत्र की परीक्षा?



राजेश कुमावत (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय लोकतंत्र अपनी निरंतर गतिशीलता और आत्म-संशोधन की क्षमता के लिए जाना जाता है, जहां बदलते राजनीतिक घटनाक्रम न केवल सत्ता के समीकरणों को प्रभावित करते हैं, बल्कि संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या और उनके प्रयोग की नई दिशाएं भी निर्धारित करते हैं। वर्तमान घटनाक्रम, जिसमें दल-बदल, राजनीतिक पुनर्संरचना और राज्यसभा की बदलती स्थिति एक साथ उभरकर सामने आई है, लोकतंत्र के उसी जीवंत स्वरूप का संकेत है, जो समय-समय पर खुद को परखता और पुनर्गठित करता रहता है।

भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई घटना नहीं है, लेकिन हर दौर में यह अपने साथ नई बहस, नए सवाल और नई रणनीतियाँ लेकर आता है। वर्तमान घटनाक्रम–जहां आम आदमी पार्टी के कई सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और राघव चड्ढा की भूमिका चर्चा के केंद्र में आई–सिर्फ राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रावधानों की एक गहरी समझ और उसके उपयोग का उदाहरण भी है। भारत में दल-बदल की राजनीति की जड़ें 1960 के दशक तक जाती हैं। आया राम, गया राम की कहावत उसी दौर की देन है, जब एक विधायक ने एक ही दिन में तीन बार पार्टी बदली। इस राजनीतिक अस्थिरता को रोकने के लिए 1985 में संविधान में दसवीं अनुसूची जोड़ी गई, जिसे हम आज दल-बदल विरोधी कानून के रूप में जानते हैं।

इस कानून का मूल उद्देश्य था–राजनीतिक स्थिरता और जनादेश का सम्मान। लेकिन इसमें एक महत्वपूर्ण प्रावधान भी रखा गया–यदि किसी दल के दो-तिहाई सदस्य एक साथ पार्टी बदलते हैं, तो उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। वर्तमान घटनाक्रम को यदि इसी संवैधानिक प्रावधान के संदर्भ में देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि यह केवल भावनात्मक या वैचारिक निर्णय नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक गणित का परिणाम है। यह कहा जा रहा है कि राघव चड्ढा ने इस पूरे परिदृश्य को गहराई से समझकर ही कदम उठाया।

यदि यह सही है, तो यह भारतीय राजनीति में एक नई रणनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है–जहां नेता केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि संविधान के हर शब्द को पढ़कर निर्णय ले रहे हैं। आम आदमी पार्टी की पहचान एक वैकल्पिक राजनीति के रूप में रही है, जहां पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी गई। लेकिन हालिया घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है–क्या पार्टी के भीतर असहमति को पर्याप्त स्थान मिला? कहा जाता है कि संगठन तभी मजबूत होता है जब वह असहमति को भी स्थान देता है। यदि भीतर की आवाजों को दबाया जाता है, तो वे अंततः विद्रोह का रूप ले लेती हैं। संसद में राघव चड्ढा की छवि एक ऐसे नेता की रही है, जो पार्टी लाइन से ऊपर उठकर 'आम आदमी' के मुद्दों को उठाते रहे। यही उनकी लोकप्रियता का आधार भी बना।

लेकिन अब यदि उनका नाम भाजपा के साथ जुड़ता है, तो यह केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि भाजपा के लिए भी एक नया और जटिल चेहरा साबित हो सकता है - जो बौद्धिक रूप से सक्षम है, लेकिन अपनी स्वतंत्र सोच के लिए भी जाना जाता है। वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम के बीच राज्यसभा की जो नई स्थिति उभरकर सामने आई है, उसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास लगभग 147 सीटें, विपक्षी गठबंधन के पास 78 सीटें, अन्य के पास 19 सीटें तथा एक सीट रिक्त है - कुल 245 सदस्यों के सदन में यह स्थिति सत्ता पक्ष को स्पष्ट बढ़त प्रदान करती है।

**धर्म-आस्था**

# धर्म, भक्ति और लोकआस्था के अमर गायक : संत सूरदास



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय भक्ति परंपरा में संत सूरदास का नाम अद्वितीय श्रद्धा, गहन भक्ति और काव्य माधुर्य के साथ लिया जाता है। आज भी हरिवंश परंपरा, वैष्णव भक्ति और कृष्ण प्रेम की चर्चा जब भी होती है, सूरसागर का स्मरण स्वतः हो जाता है। संत सूरदास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, किशोर अवस्थाओं और वात्सल्य भाव को जिस जीवंतता से अपने काव्य में उतारा, वह भारतीय संस्कृति को उच्च शिखर पर स्थापित करता है।

सूरदास जी का जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में माना जाता है। उनके जन्मकाल और जन्मस्थान को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं, परंतु सामान्यतः वैशाख शुक्ल पंचमी को उनका जन्म माना जाता है। जन्मस्थान के रूप में गोपांचल, मथुरा क्षेत्र, रुनकता तथा सीही का उल्लेख मिलता है। चार भाइयों में सबसे छोटे सूरदास नेत्रहीन थे। माता-पिता की उपेक्षा, निर्धनता और जीवन की कठिन परिस्थितियों ने उन्हें भीतर से संवेदनशील और अध्यात्म की ओर उन्मुख बना दिया।

कहा जाता है कि वे घर छोड़कर तालाब के किनारे रहने लगे। वहीं से उनका जीवन भक्ति, संगीत और काव्य की साधना में समर्पित हो गया। वे संगीतशास्त्र के ज्ञाता, गानविद्या के विशारद और काव्य प्रतिभा से संपन्न संत थे। उनके मुख से श्रीकृष्ण की लीलाओं के पद स्वतः प्रस्फुटित होते थे। उन्होंने काव्य लिखा नहीं,



बल्कि जिया। संत सूरदास का काव्य मुख्यतः श्रीमद्भागवत से प्रभावित है। उन्होंने आजीवन श्रीगोवर्धननाथजी के चरणों में बैठकर ब्रजभाषा में भक्ति रस की गंगा प्रवाहित की। कृष्ण भक्ति धारा के वे सर्वोच्च कवि माने जाते हैं। नागरी प्रचारिणी सभा की खोज के अनुसार उनके नाम से अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं, परंतु प्रमुख रूप से सूरसागर, सूरसारावली और साहित्य लहरी को प्रमाणिक माना जाता है।

सूरसागर केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भक्ति, वात्सल्य और प्रेम का महासागर है। इसमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा मधुर चित्रण है कि पाठक स्वयं वृंदावन की गलियों में पहुँच जाता है। यशोदा का वात्सल्य, गोपियों का प्रेम, राधा का समर्पण और बालक कृष्ण की चंचलता–इन सबका अद्भुत संगम सूरसागर में दिखाई देता है। यही कारण है कि आज भी देश-विदेश के प्रतिष्ठित पुस्तकालयों में इसकी हस्तलिखित प्रतियाँ सुरक्षित हैं।

सम्राट अकबर और सूरदास की भेंट का प्रसंग भी अत्यंत प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि तानसेन ने अकबर के समक्ष सूरदास का एक पद गाया। उसके भाव से प्रभावित होकर अकबर स्वयं मथुरा पहुँचे। उन्होंने सूरदास से अपना यशगान करने का आग्रह किया, परंतु संत ने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया। उनका जीवन सत्ता की प्रशंसा के लिए नहीं, केवल श्रीकृष्ण की भक्ति के लिए समर्पित था। यह प्रसंग संत की निर्लिप्तता और आध्यात्मिक ऊँचाई का प्रमाण है।

सूरदास ने भगवान श्रीकृष्ण को केवल ईश्वर रूप में नहीं, बल्कि लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने दैवीय स्वरूप को लोकजीवन से जोड़ा और भगवान को जन-जन के निकट ला दिया। यही कारण है कि उनका साहित्य केवल धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि लोकआस्था का जीवंत दस्तावेज बन गया। राष्ट्रीय जीवन में भी सूरदास का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारतीय लोकसंस्कृति, पारिवारिक मूल्यों, वात्सल्य, प्रेम और भक्ति को साहित्य के माध्यम से जनमानस में स्थापित किया। उनका काव्य केवल आध्यात्मिक नहीं, सामाजिक चेतना का भी वाहक है।

आज जब समाज भौतिकता की दौड़ में संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, तब संत सूरदास का साहित्य हमें प्रेम, करुणा, श्रद्धा और आत्मिक शांति की ओर लौटने का संदेश देता है। उनका काव्य हमें याद दिलाता है कि सच्चा वैभव बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि भीतर की भक्ति और मन की निर्मलता में है।

वास्तव में, संत सूरदास भारतीय साहित्य के केवल कवि नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और लोकआस्था के अमर दीपस्तंभ हैं, जिनकी ज्योति आज भी समाज को आलोकित कर रही है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## शासन स्थापना दिवस पर जिनशासन ध्वज लहराया

**महिदपुर।** महिदपुर नगर में वैशाख सुदी ग्यारस को शासन स्थापना दिवस के सुवर्ण अवसर पर महिदपुर नगर स्थित श्री शांतिनाथ आराधना भवन में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्री संघ के द्वारा शासन ध्वज संघ के अध्यक्ष संजीव मंडलेचा सोनी, सचिव ललित गार्डी, योगेंद्र नास्कावाला, मुनींद्र सोनी, धर्मचंद आंचलिया,सुभाष सोनगरा,दिलीप बोथरा महेश सुमन,उज्जवल मेहता, लोकेश सोनगरा आदि समाजजनो की उपस्थिती में फहराया गया। इस अवसर तपोवनी उज्वल मेहता के द्वारा शासन ध्वज वंदना गाकर ध्वज वंदन करवाया तत्पश्चात सभी उपस्थित महानुभव का संघ सचिव ललित गार्डी ने आभार माना । उक्त जानकारी संघ के ललित गार्डी ने दी। महीदपुर सीटी लाल मंदिर ध्वजारोहण के अवसर पर समिती द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिनशासन स्थापना दिवस नवरत्न समिति ने जिनशासन का लाल मंदिर प्रांगण झंडा वंदन कर मनवाया उसके पूर्व परम पूज्य म सा ने आज के दीन का महत्व बताते हुए कहा की भगवान महावीर स्वामी ने केवल ज्ञान पाने पर समवशरण की रचना करी जिसमें उन्होंने चतुरविघ संघ की स्थापना करी जिसमें साधु साध्वी श्रावक श्राविकाओं को सम्मीलीत किया और व्याख्यान दिये तब गौतम स्वामी ने अपने हजारों लोगों के साथ दीक्षा ली और वे भगवान के प्रथम शिष्य व गणधर बने जिनके शासन में हम रह रहे हैं जो 21000 साल तक चलेगा। इसी तरह हमारा जैन धर्म भगवान आदिनाथ के समय से चल रहा है जो सबसे पुराना है आदिमानव से सभ्य मानव बनाने के लिये भगवान ने जीवन चलाने के लिये पुरुषों और महिलाओं को 64 व 72 कलाओं सीखाती उनके जमाने से चल रही वर्षीतप की तपस्या जो आज भी तपस्वियों द्वारा की जा रही है हमें इस पर गर्व करते हुवे भगवान की सीख पर अमल करेंगे तो ही हम जिनशासनदेव की जय बोलने के अधिकारी रहेंगे । रात्रि भोजन त्याग व जीवदया ही मूलमंत्र है। इसके पश्चात सभी संघों के अध्यक्षों ने ध्वज वंदन किया। इस अवसर पर केएमपी शाखा महिदपुर की सदस्याओं ने ध्वज वंदन गीत गाया ।

## घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में अवैध गैस भरने वालों पर पुलिस ने की कार्यवाही



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छापीहेड़ा में रामबाबू नागर द्वारा अपने खेत स्थित टापरी के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण कर वाहनों में गैस भरी जा रही है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना छापीहेड़ा पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान आरोपी रामबाबू पिता जगन्नाथ नागर 34 वर्ष, निवासी सिकंदरी, जमनालाल पिता दरियाव सिंह तंवर 33 वर्ष, निवासी सुस्याहेड़ी को मौके से पकड़ा आरोपियों के कब्जे से एक ईको कार,गैस भरने की विद्युत मोटर, भारत गैस कंपनी का 1 भरा हुआ एवं 3 खाली घरेलू गैस सिलेंडर तथा एचपी कंपनी का 1 खाली सिलेंडर जप्त किया। जप्त माल की कुल कीमत 4,20,000 रु आंकी गई है। उक्त प्रकरण में थाना छापीहेड़ा में अपराध क्रमांक 78/26 धारा 287 बीएनएस एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को नोटिस तामील कराया गया है।

## बारात में जा रही पिकअप और ट्रक की जोरदार भिड़ंत



**ब्यावरा।** आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजगढ़ जिले के पचोर थाना अंतर्गत ग्राम मिठ्ठनपुर जोड़ के पास भीषण सड़क हादसा हो गया, बारात में जा रही पिकअप वाहन और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई, ट्रक ने पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे पिकअप वाहन पलट गई, पिकअप में सवार करीब बीस लोग घायल हो गए जिसमे से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही जिनको शाजापुर और भोपाल रेफर किया गया वही एम्बुलेंस की मदद से घायलों को पचोर अस्पताल पहुंचाया, जहाँ पर उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है गंभीर रुप से घायलों को रेफर किया गया, पुलिस मोके पर मौजूद रहकर जाँच में जुट गई।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय

2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन

0734-4041777, मोबा. 9977755777

नगरीय सीमा में जहरीले मादक पदार्थ का आना एक एक गंभीर विषय

# ब्राउन शुगर बेचते हुए धराया, कड़ी से कड़ी जोड़ मुख्य विक्रेता पर नकेल कसने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा

नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध धर पकड़ की जा रही हे साथ ही ब्राउन शुगर जैसे जहरीले मादक पदार्थ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हे जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त मादक पदार्थों पर नकेल कसने हेतु विशेष जानकारी ओर सूचना हेतु एक हेल्प नंबर 9479996880 भी जारी किया है जिसमें सूचना देने वालों के नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा ऐसी कोई जानकारी प्राप्त होती हैं किसी को तो वो उक्त नंबर पर कॉल कर के गोपनीय जानकारी दे सकते है।

इसी अनुक्रम में थाना भौरासा को थाना क्षेत्रांतर्गत मिर्जापुर कुलाला के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थों का विक्रय करने की सूचना प्राप्त हुई सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोद द्वारा ऐसे अपराधों के विरुद्ध सख्त एवं मिशन स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ श्रीमती दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी भौरासा श्रीमती अनीता सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई जहां से आरोपी समीर खान पिता नौशाद खान उम्र 26 साल निवासी छोटा तकिया आगर मालवा को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से लगभग 3.8 ग्राम ब्राउन शुगर (मादक पदार्थ) जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार है बरामद की गई । उक्त आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाना आगर पर अपराध आबकरी एक्ट का पंजीबद्ध है।



नगर उक्त जहरीले मादक पदार्थ से वंचित है और आज इस तरह के जहरीले नशीले मादक पदार्थ का नगर सीमा में प्रवेश करना एक गंभीर विषय हे उक्त पदार्थ युवाओं को नशे की लत के साथ साथ अपराध की ओर भी ले जा सकता हे इसमें पुलिस प्रशासन को सख्त पूछताछ कर मुख्य विक्रेता तक पहुंच कर नकेल कसना चाहिए नहीं तो कई युवा नशे की चपेट में आ सकते हे और नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लिए एक किसी भी घर परिवार के लिए नुकसान दायक साबित हों सकता है।

**इनका कहन है**

मुझे आपके माध्यम से पता चला हे कि ब्राउन शुगर नामक नशीले पदार्थ बेचते हुए बाहरी अपराधी स्थानीय पुलिस द्वारा पकड़ा गया हे नगर में इस प्रकार के नशीले पदार्थ विक्रय करना नगर के क्षेत्रवके लिए एक गंभीर विषय हे इस विषय पर उच्च अधिकारियों से अनुरोध करता हु कि ऐसे अपराधियों से सख्त पूछताछ ओर कार्यवाही कर मुख्य विक्रेता पर नकेल कसी जाना चाहिए

**अनिल चावड़ा**
**मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि**

आरोपी के पास से जप्त मश्रुका 3.8 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती करीबन 15,000/- रुपये मोबाईल फोन व एक मोटरसायकल कीमती लगभग 35,600/- रुपये जब्त किया गया है

उक्त कार्यवाही में सराहनीय में थाना प्रभारी भौरासा निरीक्षक अनीता सिंह, उनि प्रताप सिंह गौर, नरेन्द्र सिंह, सउनि राकेश सिंह,प्रआर अशोक चौहान, महेन्द्र राव,आर मन्नुलाल, दीपक राजपूत,भूपेन्द्र सिंह, राहुल केलिया, लोकेश दांगी की सराहनीय भुमिका रही।

## जंगल चलती कार में लगी आग : वाहन जल कर खाक कुसमानिया से विक्रमपुर जा रहे थे युवक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



जिले के कन्नौद क्षेत्र में गत रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। यह घटना रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुई, जिसमें कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना जंगल के क्षेत्र में हुई इसलिए आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जा सका जिससे पूरा वाहन जल गया।

जानकारी के अनुसार, कार कुसमानिया से विक्रमपुर की ओर जा रही थी। कुसमानिया जंगल क्षेत्र से गुजरते समय अचानक उसमें आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। कार सवार युवकों ने जैसे-तैसे निकलकर जान बचाई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची थी। फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## बिना आईडी मेहमान ठहराने पर होटल संचालक गिरफ्तार

**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित होटल गुलमोहर के संचालक अनवर खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों की अनदेखी करते हुए बिना पहचान पत्र (आईडी) के मेहमानों को ठहराने और पुलिस टीम के साथ अभद्रता करने का आरोप है। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस की टीम ने ए.बी. रोड स्थित होटल गुलमोहर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि संचालक अनवर खान, निवासी जयप्रकाश मार्ग, देवास, नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों का न तो कोई रिकॉर्ड रजिस्टर संधारित किया गया था, न ही उनका कोई पहचान पत्र लिया गया था और न ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस टीम के साथ अभद्रता करते हुए रौब भी दिखाया। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा कि वह किसी आदेश को नहीं मानता और बिना आईडी के ही व्यक्तियों को ठहराएगा।

# गौमाता के मान के लिए सड़कों पर उतरे गौ भक्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ झारडा

सोमेश्वर महादेव मंदिर से श्री श्री 1008 महंत पूणार्नंद भारती के सानिध्य में सोमवार को गौ भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर निकली विशाल ज्ञापन रैली ने पूरे नगर को आस्था और संकल्प के रंग में रंग दिया।

मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। पूरे मार्ग में ह्लगौ माता की जयह्व के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। हाथों में बैनर-पोस्टर लिए गौ भक्तों ने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया, जिससे माहौल पूरी तरह भावनात्मक और ऊजार्वान बना रहा। रैली में मातृशक्ति की विशेष भागीदारी देखने को मिली। युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

तहसील कार्यालय पहुंचकर गौ भक्तों ने नायब तहसीलदार शौकत अली को प्रार्थना पत्र (ज्ञापन) सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून लागू करने एवं गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें रखी गईं। नायब तहसीलदार द्वारा ज्ञापन स्वीकार कर इसे शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ सेवक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी एकजुटता ने इस आंदोलन को और मजबूती प्रदान की।



### खाचरौद

आज नगर के समस्त गौभक्त ,संत समाज ,और सजग नागरीको द्वारा गौ सम्मान आह्वान के अर्न्तगत गौ सम्मान दिवस पर गौहत्या पर पूर्ण प्रतीबन्ध ,गोमाता को राष्ट माता का दर्जा दिये देना ,गोसेवा हेतु केन्द्रिय कानुन लागु करने ,केन्द्रिय गोसेवा मंत्रालय के गठन ,आदी अनेक मांगौ को लेकर देश के प्रधानमंत्री , राष्टपती , तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार श्री प्रकाश जी परमार कौ सौपा । इस अवसर पर गोभक्तो कौ रामद्वारा धाम के यूवा संत श्री रामानुरागी रामनारायण रामजी महाराज द्वारा संबोधित कर सरकार से विभीन्न मांगो के माध्यम से गौमाता के सम्मान मे इन्हे तूरन्त पूरी करने की मांग करी । इस अवसर पर नगर के गौभक्त नागरिक ,कीसान ,संगठन के पदाधिकारी सहीत बडी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थीत रहे।

### महिदपुर

महिदपुर में गौ वंश को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं के विरोध में गौ सेवकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत 27 अप्रैल को बड़ी संख्या में गौ सेवक विजय स्तंभ पर एकत्रित हुए और रैली निकालते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान गौ सेवकों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपनी मांगों को बुलंद किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़कों पर बैठे गौवंश लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनकी मौत हो रही है। इसके अलावा देशभर में गौवंश के साथ हो रही क्रूर घटनाओं पर भी उन्होंने गहरी चिंता जताई। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी गौशालाओं के निर्माण की मांग की, ताकि गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौके पर मौजूद तहसीलदार संतुष्टि पाल ने प्रदर्शनकारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### धार

धार और सरदारपुर में 'गो सम्मान आव्हान अभियान' के तहत हजारों गौभक्तों ने संत समाज के साथ रैली निकाली। उन्होंने गौमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने सहित गौ संरक्षण के लिए विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीः- रमेश जोशी पिता श्री भैरूलाल जोशी निवासी-रूम नं.-6 गजानना शर्मा चाल, जनता होटल गली, एस.वी. रोड सांताक्रुज वेस्ट, मुंबाई, कृषक ग्राम लेकोडा तह. व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-2751 रकबा 0.39 हैक्टर भूमि ग्राम लेकोडा तह. व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित होकर रोड से अंदर स्थित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी के भाई गिरीशचंद्र जोशी पिता श्री भुरालाल जी निवासी-75, पीर गली राजवाडा इंदौर से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांकः-29/04/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय**
**एडवोकेट, एम.ए.एल.एल.बी.**
**कार्याः सी-2 भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, उप पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन मोबा. 89891-45770**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर**
**जिला आगर मालवा**

**ऑफिस फोन नं 233432-07361** email ID- sdosusner@gmail.com
प्रकरण क्रमांक 109/अपील/2025-26
जावक क्रमांक 703 दिनांक 24/04/2026

**लालसिंह पिता नाथुसिंह जाति सौंधिया**
**निवासी ग्राम मालनवासा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा**
**...अपीलांट**

**विरुद्ध**
1. दरबारसिंह पिता बालुसिंह
2. कालीबाई पुत्री बालुसिंह
3. रेशमबाई बेवा बालुसिंह सर्व जाति सौंधिया
निवासी ग्राम मालनवासा तहसील सुसनेर
**---- रेस्पान्डेन्ट**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचना दी जाती है कि अपीलांट लालसिंह पिता नाथुसिंह जाति सौंधिया निवासी ग्राम मालनवासा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा द्वारा नायब तहसीलदार मोडी के प्रकरण क्रमांक 103/3-6/2025-26 आदेश दिनांक 04/06/2025 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की गई है जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में रेस्पाडेन्टगण पक्षकार है।

इस विज्ञप्ति के माध्यम से रेस्पोडेंटगण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु आगामी पेशी 13/05/2026 स्थान अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर समय प्रातः 12 बजे नियत है।

अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित रहे। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 28/ 04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**किरण वरवड़े**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुविभाग सुसनेर, जिला आगर**



## पराली जलाने से रेलवे ट्रैक पर आग और धुआं, दो ट्रेनें रोकी, यात्री परेशान

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में खेतों में पराली जलाने के कारण बड़ा घटनाक्रम सामने आया है, ब्यावरा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे पटरी के आसपास आग और घना धुआं फैलने से दो ट्रेनों को रोकना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बीना से नागदा जा रही यात्री ट्रेन को स्टेशन से करीब 6 किलोमीटर पहले रोक दिया गया, वहीं साबरमती एक्सप्रेस को ब्यावरा रेलवे स्टेशन पर ही खड़ा करना पड़ा, बताया जा रहा है कि किसानों के द्वारा खेतों में पराली जलाने के बाद तेज हवा और भीषण गर्मी के चलते आग व धुआं रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया, जिससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ, स्थिति गंभीर होने पर नागदा बीना ट्रेन को रिवर्स कर सुरक्षित स्थान पर लाना पड़ा, इसके पीछे आ रही साबरमती एक्सप्रेस भी रोक दी गई, ट्रेन में मौजूद यात्री खासकर बच्चे गर्मी और पानी की कमी से परेशान नजर आए, सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी रही, काफी देर तक दोनों ट्रेनें रुकी रहीं।

## प्राचीन श्री सिद्ध बाल हनुमान एवं शिव मंदिर का पंचम प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न

**महिदपुर।** श्री गणेश गली स्थित प्राचीन श्री सिद्ध बाल हनुमान एवं शिव मंदिर का पंचम प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना दिवस दिनांक 27 अप्रेल 2026 को धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनसिंह चैहान पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा थे। अध्यक्षता विलास उपाध्याय पूर्व उपाध्यक्ष म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल ने की। विशेष अतिथि के रुप में डॉ. के.सी. शर्मा पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजेन्द्र शर्मा प्रधान संपादक स्वदेश भोपाल, सत्यनारायण शर्मा पूर्व प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं ओमप्रकाश शर्मा पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत समिति सचिव ऋषभ जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ इनानी, सदस्य संजय आचार्य, तरुण उपाध्याय, हेमेश बंसल, विनोद देवड़ा, जगदीश जवलंत ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता भगवती जोशी ने किया। उक्त जानकारी समिति सचिव ऋषभ जैन ने दी।

## किसान सत्याग्रह कार्यक्रम को ब्लाक स्तर पर आयोजित करेंगे




**जगोटी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व में किसानों की न्यायोंचित मांगों के समर्थन में भोपाल में आयोजित किसान सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम में उज्जैन जिला (ग्रामीण) कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चैनसिंह चौधरी के नेतृत्व में सेवादल के पदाधिकारियों ने भागीदारी की, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट, प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव अनिल शर्मा,महिला कांग्रेस सेवादल नेता सीमा पटेल डॉ. अर्जुन शर्मा विजय शर्मा, विशाल चौहान, राजेंद्र सिंह ठाकुर ,लीलाबाई, मनोज बैरागी, अभिषेक प्रजापति, रामसिंह पलवा, आदि लोग शामिल हुए किसान सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम में 20 साथियों ने उपहास किया । कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी प्रतापनारायण को मिश्रा पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, कांग्रेस सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र जोशी, पूर्व मंत्री पी सी शर्मा आदि ने संबोधित किया तथा अंत में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित किया ओर इस आन्दोलन को मंडियों एवं ब्लॉक स्तर पर ले जाना है जब तक किसानों की न्यायोंचित मांगों का उचित निराकरण नहीं होता तब तक आन्दोलन जारी रहेगा ।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती सुगन जाट पत्नि श्री राजेश जाट, निवासी उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 188 रकबा 0.4200 हेक्टेयर कृषि भूमि सर्वे नंबर 59 रकबा 0.1800 हेक्टेयर, कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 72/3 रकबा 0.3700 हेक्टेयर, कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 57/3 रकबा 1.5000 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल किता भूमि 04 का कुल रकबा 2.4700 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम घोसला, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं तथा भूमि स्वामी श्रीमती अलका पति श्री करण जाट, निवासी उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 57/2 रकबा 1.5000 हेक्टेयर, कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 57/1 रकबा 0.7500 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल किता भूमि 02 का कुल रकबा 2.2500 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम घोसला, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उपरोक्त भूमि स्वामीगण श्रीमती सुगन जाट पत्नि श्री राजेश जाट, निवासी उज्जैन म.प्र. व श्रीमती अलका पति श्री करण जाट से उनके स्वामित्य की ऊपर वर्णित संपूर्ण भूमि अर्थात कुल कित्ता 06 भूमि का कुल रकबा 4.7200 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता श्री पवन शर्मा पिता श्री अमृत शर्मा, निवासी रत्नाखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. ने क्रय करने का तय किया है। जल्द ही उक्त कृषि भूमि का दस्तावेज अनुबंध पत्र/दस्तोवज विक्रय-पत्र का पंजीकरण होना है। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधि कार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त कृषि भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त कृषि भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त कृषि भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध 1. रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 29/04/2026, स्थान उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस, 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं. 87707-18997, 80850-13444**

## आंजना समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**शुजालपुर।** तहसील शुजालपुर के ग्राम मगरानिया में आंजना शैक्षणिक एवं जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आंजना समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन पारंपरिक उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में कुल 28 जोड़ों का विवाह हिंदू संस्कृति एवं रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से आए समाजजन एवं अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथियों में अखिल भारतीय आंजना महासभा के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना मोहनपुरा, सिंहस्थ मेला प्रभारी माखन सिंह चौहान, महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष संजू बेन कमल सिंह आंजना, युवा आंजना महासभा प्रदेश अध्यक्ष महेश आंजना सहित जीवन सिंह पचलासी, धीरज सिंह आंजना, कमल सिंह आंजना एवं उदय सिंह आंजना उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया तथा समाज में एकता और सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने का संदेश दिया गया। समिति अध्यक्ष रामचंद्र चौहान एवं सचिव मनोहर आंजना ने मंच से सभी अतिथियों का सम्मान किया और कार्यक्रम में पधारे समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक समरसता, आर्थिक सहयोग एवं संस्कारों के संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

## विद्यार्थियों को दी जनगणना की डिजिटल समझ

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को सेल्फ एन्यूमरेशन विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनगणना प्रक्रिया की जानकारी देना और उन्हें डिजिटल भागीदारी के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सेल्फ एन्यूमरेशन की उपयोगिता और प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। डॉ. बी के त्यागी ने प्रेरक संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में नागरिकों की भागीदारी जनगणना को अधिक सटीक और प्रभावी बनाती है। वहीं डॉ. आशीष यादव ने विषय के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसकी प्रक्रिया से अवगत कराया। डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने भी अपने विचार रखते हुए छात्रों को व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा, दुर्गा प्रसाद शर्मा एवं प्रीतम परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए विषय के प्रति उत्साह और जिज्ञासा दिखाई। कार्यशाला ने विद्यार्थियों को न केवल जनगणना की नई प्रणाली से परिचित कराया, बल्कि उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित किया।

## फेरों के बाद विदाई लेकर सीधी परीक्षा केन्द्र पर पहुंची दुल्हन

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा विवाह के तुरंत बाद दुल्हन के जोड़े में ही व्यक्तित्व विकास विषय की परीक्षा देने पहुंच गईं। शिक्षा के प्रति समर्पण की यह अनोखी मिसाल क्षेत्रभर में चर्चा का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामड़ी तहसील कालापीपल निवासी पूजा पिता हरिप्रसाद का विवाह 27 अप्रैल की रात को संपन्न हुआ। शादी की रस्में पूरी होने के बाद विदाई लेकर वह सीधे परीक्षा केंद्र पहुंचीं और समय पर परीक्षा में शामिल हो गईं। दुल्हन के पारंपरिक परिधान में भी उनका आत्मविश्वास और एकाग्रता देखने लायक रही। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रवीणा धारीवाल सहित डॉ. बी के त्यागी, डॉ. आशीष यादव एवं डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने बताया कि छात्रा ने पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ परीक्षा दी। उन्होंने इसे शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। छात्रा के इस कदम ने न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने पूजा के इस कदम की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## नगरीय निकायों के लिए सौपे दायित्व

**शुजालपुर।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की कार्यवाही के लिये मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत कार्यक्रम एवं निर्देश जारी किए है। आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की समस्त कार्यवाही नियत समय सीमा में संपन्न की जाना अनिवार्य है। नगरीय निकार्यों की फोटोयुक्त मतदाता सूची 01 जनवरी 2026 की स्थिति में तैयार की जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शाजापुर ऋ जु बाफ ना द्वारा फ ोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के लिये म.प्र. नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के अन्तर्गत नगरीय निकायों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व अपीलीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसके तहत नगर पालिका परिषद शाजापुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग शाजापुर मनीषा वास्कले को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। पानखेडी के लिए प्र. तहसीलदार कालापीपल संदीप श्रीवास्तव को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

# शादी की खुशियां मातम में बदली

## पचोर के पास भीषण सड़क हादसा, 2 महिलाओं की मौत, 20 से ज्यादा घायल



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिस वाहन में कुछ ही देर पहले खुशियों से भरे मंगल गीत गाए जा रहे थे, चंद पलों में ही वह चीख-पुकार और आंसुओं में बदल गया। राजगढ़ जिले के पचोर क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे ने शादी वाले घर की खुशियों को मातम में धकेल दिया। ममेरा लेकर जा रहे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते 6 से अधिक लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हादसा सोमवार रात करीब 11 बजे पचोर क्षेत्र के कचनारिया के पास हुआ। एक पिकअप वाहन और ट्रक के बीच आमने-सामने की इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि पिकअप पलट गई और उसमें सवार करीब 20 से अधिक महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया। एक साथ इतने घायलों के पहुंचने पर अस्पताल में आपात स्थिति बना दी गई।

सिविल सर्जन सहित सभी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अलर्ट मोड पर आकर तत्काल घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

### इलाज के दौरान दो महिलाओं ने तोड़ा दम

अस्पताल में इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मवासा जिला राजगढ़ निवासी भगवती बाई पति चंद्रसिंह और अवंती बाई पति गोपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर मंगलवार सुबह परिजनों के सुपुर्द किया।

### शादी में ममेरा लेकर जा रहे थे सभी

घायल ग्रामीण धीरप सिंह यादव ने बताया कि सभी लोग मवासा गांव से ब्यावरा के पास बरखेड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। वे शादी का ममेरा लेकर जा रहे थे, तभी कचनारिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। डॉ. के अनुसार, गंभीर रूप से घायल मरीजों को इंदौर रेफर किया गया है। घटना में हुकम सिंह, रामलखन, राधाबाई, कोमलबाई, कलाबाई और गीताबाई सहित अन्य घायल हो गए। वहीं, पिकअप वाहन के चालक देव सिंह की हालत भी नाजुक होने पर उसे पचोर से ही भोपाल रेफर कर दिया गया। जबकि कांताप्रसाद, लक्ष्मी नारायण, महेश, गीताबाई, प्रेम सिंह, होकम सिंह, संजू बाई, मंजू बाई, भगवती, पवन, धीरप और कलाबाई सहित अन्य घायलों का शाजापुर जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

## निजी गार्डन के पीछे सूखी झाड़ियों में लगी आग

**शाजापुर।** दुपाड़ा रोड स्थित निजी गार्डन के पीछे देर रात एक खेत की मेड़ पर अचानक आग लग गई। सूखी बांस की झाड़ियों और हवा के चलते आग तेजी से फैली, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार रात करीब 1 से 3 बजे के बीच की है। दुपाड़ा रोड निजी गार्डन के पीछे स्थित खेत की मेड़ पर काफी सूखी घास और बांस की झाड़ियां मौजूद थीं, जिनमें अचानक आग सुलग उठी। आग की लपटें देखकर तत्काल इसकी सूचना लालघाटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, सूखी झाड़ियों और तेज हवाओं के कारण आग का फैलाव तेजी से हो रहा था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया और सुरक्षा के लिहाज से इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवा दी। कुछ ही देर में दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गईं। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की लगातार मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। अधिकारियों का कहना है कि यदि समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के क्षेत्रों में बड़ा नुकसान होने की आशंका थी। फिलहाल, आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है।

# गर्मी से बचने छत पर सो रहा बच्चा नीचे गिरा, हालत गंभीर

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



भीषण गर्मी और घंटों तक होने वाली अघोषित बिजली कटौती अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। जिले के पनवाड़ी गांव में सोमवार रात ऐसी ही एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां दिनभर से बिजली गुल होने के कारण गर्मी से बचने के लिए रात के समय छत पर सो रहा एक बच्चा गहरी नींद में नीचे गिर गया।

हादसे में मासूम के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी नाजुक हालत को देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल से उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल बच्चे की पहचान पनवाड़ी निवासी पीयूष प्रजापति के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे से ही गांव में बिजली नहीं थी। दिनभर की तपिश और घंटों तक बिजली न होने के कारण घर के अंदर भारी उमस हो गई थी, जिससे वहां रुकना मुश्किल हो रहा था। गर्मी से व्याकुल होकर पीयूष रात में घर की छत पर सोने चला गया। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच गहरी नींद में होने के कारण वह अनियंत्रित होकर सीधे नीचे आ गिरा। हादसे के बाद लहूलुहान और बदहवास हालत में परिजन उसे तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां मौजूद चिकित्सकों ने तत्काल उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि, ऊंचाई से गिरने के कारण बच्चे के सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता और लगातार बिगड़ती हालत को देखते हुए रात करीब 11.30 बजे उसे बेहतर और उन्नत इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया। इस घटना के बाद से जहां एक तरफ परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं भीषण गर्मी में लंबी बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों में भी भारी रोष देखा जा रहा है।

## शाजापुर जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी कलेक्टर ने सुनीं 58 शिकायतें



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

आमजन की समस्याओं के निराकरण और उनकी शिकायतों पर सीधे सुनवाई करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जनसुनवाई का आयोजन किया गया। मंगलवार को अपनी विभिन्न परेशानियों और लंबित मांगों को लेकर पहुंचे जिलेभर के लोगों ने प्रशासन के सामने अपनी गुहार लगाई। इस दौरान अलग-अलग मामलों से जुड़े कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ऋ जु बाफना ने जनसुनवाई में मौजूद रहकर एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं विस्तार से सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई कर निराकरण के निर्देश दिए। शासन की इस महत्वपूर्ण पहल के तहत आमजन को राहत पहुंचाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने के लिए जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान और डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सीमांकन के लिए आवेदन लोक सेवा केंद्र से ही लिए जाएं

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में सीमांकन से संबंधित आवेदनों का निराकरण करते हुए निर्देश दिए कि सीमांकन से संबंधित सभी आवेदन लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से लिए जाएं, जिससे आवेदनकर्ता को समय-सीमा में सेवा का लाभ मिल सके। कलेक्टर बाफना ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व), तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे तहसील कार्यालय में सीमांकन से संबंधित आवेदन स्वीकार न करें। कोई भी राजस्व अधिकारी या पटवारी तहसील कार्यालय में आवेदन स्वीकार न करे। साथ ही उन्होंने जिले के नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से ही सीमांकन से संबंधित आवेदन करें।

## तालाबों से अवैध मिट्टी उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई कई पंचायत सचिवों का 5 दिन का वेतन काटा

**देपालपुर।** जनपद पंचायत देपालपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती पूजा मालाकार सैनी ने पंचायत क्षेत्रों में तालाबों से अवैध मिट्टी उत्खनन के मामलों को गंभीरता से लेते हुए बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। जारी आदेश में कई ग्राम पंचायतों के सचिवों का पांच दिवस का अवैतनिक (वेतन कटौती) करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित पंचायतों में अवैध खनन पाए जाने पर राजस्व, खनिज, पर्यावरण तथा विभागीय स्तर पर अलग-अलग कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जनपद पंचायत कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत कटकोदा, गंगाजलखेड़ी, चांदेर, अरन्या (बडौदिया), हसनाबाद, खिमलावदा, पिपलोदा, पेमलपुर और गोकलपुर के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र के शासकीय तालाबों और जल संरचनाओं से बिना सक्षम स्वीकृति, बिना तकनीकी मापदंड, बिना नामजोख, बिना कार्ययोजना अनुमोदन और बिना वैधानिक अनुमति के लगातार मिट्टी उत्खनन कराया जा रहा है।


## In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000067/2025)**
**नीरज भावसार......... आवेदक**
**विरूद्ध**
**सर्वसाधारण.......... अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक-24/06/2026**

**प्रेषिती-**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के 1 नीरज भावसार पिता स्वर्गीय श्री हरि ओम भावसार, आयु-30 वर्ष, क्रं.2 शुभम भावसार पिता स्वर्गीय श्री हरि ओम भावसार, आयु 28 वर्ष, निवासीगण मकान नंबर 115 तिरुपतिधाम कानीपुरा रोड उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन पेश किया है कि आवेदकगण के पिता स्वर्गीय श्री हरि ओम भावसार पिता स्वर्गीय श्री हुकुमचंद भावसार जो कि सोडेक्सो इंडिया सर्विस प्रायवेट लिमिटेड (पीएफ) फस्ट फलोर गेमेस्टर कमर्शियल कॉम्पलेक्स रामचंद्र लेना, मलाड कांचापाडा मलाड मुंबई महाराष्ट्र पिन-40064 में नौकरी करते थे जिनका कर्मचारी भविष्य निधि खाता क्रं. MHBAN 00442560000044927, UAN NO 100165479357 एवं पेंशन एवं आर ओ सी (रिटर्न ऑफ केपिटल) समय-समय पर काटा जाता था जो आज भी जमा राशि मय ब्याज के जमा है। आवेदकगण के पिता स्व. हरि ओम भावसार की मृत्यु दिनांक 01/01/2019 को एवं माता स्व. श्रीमती आशाबाई की मृत्यु दिनांक 23/09/2006 को हो चुकी है। आवेदकगण के पिता स्व. हरि ओम का पी एफ The Regional Prpvident fund Commissioner Employees Provident Fund Organistion 341 Bhavishya Nidni Bhavan Bandra (East) Mumbai-400051 में जमा होता था। आवेदकगण पता ने मृतक श्री हरि ओम भावसार पिता स्वर्गीय श्री हुकुमचंद भावसार निवासी- चंद्रशेखर आजाद मार्ग गली नंबर 11 उज्जैन म प्र की The Regional Prpvident fund Commissioner Employees Provident Fund Organistion 341 Bhavishya Nidni Bhavan Bandra (East) Mumbai-400051 में आर ओ सी (रिटर्न ऑफ केपिटल) की जमा राशि मय ब्याज सहित राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 जून 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 जून2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 16 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**प्रियंका मालपानी राठी**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खंड उज्जैन मप्र**

## जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार महेन्द्र कुमार पिता बाबूलाल जोधावत, के स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक किता मकान कमांक 44 जो, नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 13 अंतर्गत मोहल्ला चिकित्सालय मार्ग गली नंबर एक मे स्थित, नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफिट जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में रणजीतमल जैन का मकान, पश्चिम में सरकारी गली, उत्तर मे सरकारी गली, व दक्षिण में आम रास्ता स्थित है व उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार कि पैत्रक संपत्ति होकर मेरे पक्षकार कि माता निर्मलाबाई ने हनुमानप्रसाद पिता हिरालाल से दिनांक 03/07/1973 को क्रय कर दस्तावेज का विधिवत पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय नागदा मे दस्तावेज क्रमांक ए 1/2000/73 पर पंजीबद्ध है। व निर्मलाबाई का स्वर्गवास दिनांक 09/11/2020 को हो चुका है व निर्मलाबाई के पति बाबूलाल का स्वर्गवास दिनांक 02/10/2016 को हो चुका है व मेरा पक्षकार प्रथम वैध उत्तराधिकारी है व अन्य कोई वारीस नही है। व नगर पालिका के शासकिय अभिलेख मे मेरे पक्षकार के नाम का नामंत्रण भी हो चुका है व मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति को बजाज हाउसिंग फाईनेन्स मे बंधक रख ऋण प्राप्त कर रहा है यदि किसी भी व्यक्ति कों उक्त भूखण्ड के बाबत् स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या बंधक संबंधी अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त भूखण्ड पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकीय या अर्द्धशासकिय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधिन हो या उक्त मकान के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से सात दिन की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 7:30 से 9:00 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा अवधि पश्चात् शेप विक्रय राशि अदा कर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। इति दिनांक 29.4.26

**अशोक पोरवाल एडवोकेट**
**150 जवाहर मार्ग शेषशायी कॉलेज के पास**
**नागदा जं. जिला उज्जैन म.प्र. मो. 9827265873**

## अंतिम जाहिर सूचना

समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता हैं, कि आश्रय आवासीय कॉलोनी, ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र) में जिन भूखण्ड धारकों द्वारा भूखण्ड क्रय किये गये हैं और जिन भूखण्ड धारकों के द्वारा दूसरी किश्त एवं तीसरी किश्त जमा नहीं की गई हैं उन भूखण्ड धारको के द्वारा मेरी पक्षकार फर्म "INDRANI BUILDERS" को अपने भूखण्ड़ो की दूसरी किश्त एवं तीसरी किश्त इस जाहिर सूचना प्रकाशन से दिनांक 05.05.2026 तक जमा करवायी जाये। मेरी पक्षकार फर्म ने दूसरी किश्त जमा किये जाने के संबंध में दिनांक 31.03.2026 को जाहिर सूचना का प्रकाशन भी करवाया था परंतु कई बार दूरभाष एवं ब्रोकरों के माध्यम से सूचित करने के बाद भी भूखण्ड धारको द्वारा दूसरी किश्त जमा नहीं की गई हैं। यदि भूखण्ड धारकों द्वारा उक्त. दूसरी किश्त एवं तीसरी किश्त इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 05.05.2026 तक जमा नहीं की जाती हैं तो मेरी पक्षकार फर्म के द्वारा उक्त भूखण्ड धारको के भूखण्ड निरस्त कर दिये जायेंगे तथा मेरी पक्षकार फर्म उक्त भूखण्ड किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वंतत्र रहेगी, जिसके समस्त प्रकार के नुकसान आदि की समस्त जवाबदारी भूखण्ड धारक की स्वयं की रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 28.04.2026

**राजेन्द्र जैन (पोरवाड़), एडवोकेट**
**डी-9 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 99930 79516**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा जकीयाबाई पति स्व. अब्बास आरीवाला एवं शब्बीर हुसैन पिता स्व. अब्बास आरीवाला निवासीगण फ्लेट क्रमांक 103, प्रथम मंजील बादशाह टॉवर कसाई वाडे के पास, वीर दुर्गादास मार्ग, गली क्रमांक 02. उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का म्यु क्रमांक 18 पर निर्मित बहुमंजिला ईमारत में स्थित फ्लेट क्रमांक 103, प्रथम मंजील बादशाह टॉवर कसाई वाडे के पास, वीर दुर्गादास मार्ग, गली क्रमांक 02, उज्जैन म.प्र. को क्रय किये जाने का सौदा कर, स्वयं के हित में अनुबंध पत्र सम्पादित कर बयाना राशि अदा कर दी है और शीघ्र ही मेरे पक्षकार द्वारा स्वयं के हित में उक्त फ्लेट के विक्रय पत्र सम्पादन फ्लेट के स्वामीगण से करवा लिया जावेगा। यदि किसी भी वित्तीय या गैर-वित्तीय संस्थान, किसी व्यक्ति्त आदि का उक्त फ्लेट पर किसी भी प्रकार का कोई हित व अधिकार हो या कब्जे के सम्बंध में कोई आपत्ती हो या उक्त फ्लेट किसी के पास भी बंधक रखा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अवधि अवसान पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा स्वयं के हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा और किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी और न ही किसी प्रकार को कोई दस्तावेज मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा। सो सूचित होवे।

इति दिनांक 29/04/2026

**महेन्द्र सोलंकी, हाईकोर्ट एडव्होकेट,**
**कार्यालय 20 चिमनगंजमण्ड़ी गेट,**
**फाजलपुरा, उज्जैन मो. 9329598280,9827519788**


उमडा आस्था का सैलाब

## जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्रीसंघ ने मनाया जिनशासन का स्थापना दिवस

**सारंगपुर।** सारंगपुर में सोमवार को जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्रीसंघ द्वारा जिनशासन का स्थापना दिवस मनाया गया। आज से 2582 वर्ष पूर्व वैशाख शुक्ल ग्यारस के शुभ दिवस पर परमात्मा महावीर स्वामी ने जिनशासन की स्थापना की थी। इस अवसर पर श्रीसंघ द्वारा रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जैन मंदिर पर सम्पन्ना हुई। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्रीसंघ अध्यक्ष प्रदीप बरडिया ने बताया कि शासन स्थापना दिवस के अवसर पर सारंगपुर श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्रीं संघ के द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गयी जिसमें बच्चे महिला पुरुष सभी ने भाग लिया। प्रभात फेरी के माध्यम से नगर में जैन धर्म के शासन स्थापना दिवस का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जैन सिद्धांतों, अहिंसा और भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार-प्रसार करना था। संघ के सदस्यों, श्रावक-श्राविकाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक पारंपरिक वेशभूषा में प्रभात फेरी में भाग लिया। जैन समाज द्वारा इस तरह के आयोजनों के माध्यम से धार्मिक एकता और संस्कृति को बढावा दिया जाता है। इस मौके पर अन्य समाजजन मौजूद थे।

## प्याऊ का शुभारंभ, यात्रियों को मिलेगी राहत



**पाडल्यामाता।** तिलक मेमोरियल हाईस्कूल, पाडल्यामाता के संस्थापक स्व. सीएल चौहान की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय समाजसेवा की एक अनुकरणीय पहल करते हुए पाडल्यामाता बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के समीप शीतल पेयजल के लिए 'प्याऊ लगाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच सुभाषचंद्र पाटीदार द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर डायरेक्टर स्वर्गीय सीएल चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात फीता काटकर शुद्ध पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिक गोवर्धन पाटीदार (लाला बा), राजीव अंगर भेरूलाल अहिरवार, सुबराती खा मंसूरी, सुनील माहेश्वरी, शरीफ नायता, विष्णु नायक, गोपाल सोनी आदि द्वारा कहा गया कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्यालय परिवार ने इस पुण्यतिथि को सेवा कार्य के रूप में मनाने का निर्णय लिया। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ लगने से यहाँ से गुजरने वाले मुसाफिरों, राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को ठंडे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सराहनीय पहल की प्रशंसा व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सीमा चौहान, डायरेक्टर आयुष चौहान द्वारा बताया कि डायरेक्टर स्वर्गीय सी.एल.चौहान हमेशा जनसेवा और परोपकार के कार्यों के लिए तत्पर रहते थे। उनकी स्मृति में प्याऊ लगाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास है। इस दौरान शिक्षक पीएल मालवीय, जानकीलाल नागर, राजेश पाल, रामबाबू पुष्पद, पवन प्रजापति शिक्षिका मनीषा पाटीदार, कुमकुम कारपेंटर, जानकी वैष्णव, पायल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस जिला कार्यकारिणी घोषित

## सारंगपुर विधानसभा से पांच महासचिव और चार सचिव बने











**सारंगपुर।** कांग्रेस ने राजगढ़ जिले की जिला कांग्रेस कमेटी की घोषणा की है। जिसमें पुराने चेहरो को हटाकर नए लोगों को मौका दिया गया है। सारंगपुर विधानसभा से 5 महासचिव एवं 4 सचिव बने राजगढ़ की जिला कांग्रेस कमेटी घोषित होने के बाद सारंगपुर विधानसभा से पांच महासचिव एवं 4 सचिव बनाए गए है। सारंगपुर विस से महासचिव के रूप में समीर खान भुरु, हेमेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह जाट, हरिसिंह तंवर, हेमेंद्र सिंह सोलंकी जिम्मेदारी दी गई है। जबकि जिला सचिव मुकेश मेघवाल, पंकज भंडारी, चंद्रर सिंह परमार, सुनील नागर बनाए गए है। जबकि जिला प्रवक्ता के रूप में सारंगपुर विस के देवेंद्र पराशर को जिम्मेदारी दी गई है।

## श्रीमती कमलादेवी का निधन



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के भूतपूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकरण उग्र की धर्मपत्नी एवं लक्ष्मीनारायण, पुरुषोत्तम, सुरेंद्र उग्र की माताजी श्रीमती कमला देवी उग्र का आज 28 अप्रैल मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे मिलनसार एवं धार्मिक विचारों की एक सशक्त महिला थी। उनकी अंतिम यात्रा 29 अप्रैल को निज निवास से निकालेगी।

गो संरक्षण की मांग को लेकर निकली भव्य यात्रा, गर्मी भी नहीं रोक सकी उत्साह

# गौ वंश को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने एवं सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन कर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर




श्री अग्रपीठाधीश्वर एवं श्री मलूक पीठाधीश्वर द्वाराचार्य श्री राजेंद्रदास महाराज के आह्वान पर सोमवार को एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन एवं गोशाला सेवकों ने गौ सेवा सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर तहसीलदार रूपाली जैन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम का नेतृत्व गौ सेवकों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक है, जिसकी रक्षा एवं संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। गौशाला समिति के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना तथा प्रशासन का ध्यान गौ संरक्षण की ओर आकर्षित करना है। इस अवसर पर प्रेमचंद द्वितीय, सांवरिया शर्मा एवं दशरथ सिंह पंड्या ने कहा कि वर्तमान समय में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंश के लिए स्थायी आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

कार्यक्रम के दौरान कीर्तन के साथ उपस्थित लोगों ने गौ माता के समर्थन में नारे लगाए और सरकार से प्रभावी नीतियां बनाकर उनके क्रियान्वयन की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

इस अवसर पर सुनील मंडलोई, राजेंद्र सिंह सोलंकी,धर्मेंद्र बिलाला, गणेश रावल,राकेश श्रीवास्तव, अनिल शर्मा,भीम सिंह डोबरिया, जगदीश व्यास,पवन सतपाड़िया, कमल पोरवाल,नंदकिशोर शर्मा समीर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद व्यास ने किया तथा आभार अंकित दवे ने माना।

### महिदपुर

महिदपुर में गौ वंश को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं के विरोध में गौ सेवकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत 27 अप्रैल को बड़ी संख्या में गौ सेवक विजय स्तंभ पर एकत्रित हुए और रैली निकालते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

रैली के दौरान गौ सेवकों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपनी मांगों को बुलंद किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़कों पर बैठे गौवंश लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनकी मौत हो रही है। इसके अलावा देशभर में गौवंश के साथ हो रही क्रूर घटनाओं पर भी उन्होंने गहरी चिंता जताई। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी गौशालाओं के निर्माण की मांग की, ताकि गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौके पर मौजूद तहसीलदार संतुष्टि पाल ने प्रदर्शनकारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### सुसनेर

नगर में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत श्रद्धा, आस्था और जनएकता का भव्य दृश्य देखने को मिला। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में नगरवासी एवं ग्रामीणजन इस अभियान में शामिल हुए और गो संरक्षण की मांग को लेकर एकजुट नजर आए। श्री खेडापति हनुमान मठ मंदिर से प्रारंभ हुई यह विशाल पत्र यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई डाक बंगला स्थित विश्राम गृह पहुँची, जहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। अभियान के तहत मंदिर परिसर में बालाजी का आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। जिसने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने गो माता के महत्व को समझते हुए हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ प्रार्थना पत्र तैयार कर वर्षा राठौर द्वारा उसका वाचन किया गया। इसके पश्चात विशेष पूजा-अर्चना कर यात्रा की शुरूआत की गई।

रैली में गो माता की सजी-धजी पालकी एवं विभिन्न धार्मिक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। रैली इतवारिया बाजार, सराफा बाजार, शुक्रवारिया बाजार, हाथी दरवाजा, पालिका बाजार, पांच पुलिया और साई चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आगे बढ़ी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा गर्मी को देखते हुए पानी और शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। छोटे-बड़े, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह यात्रा एक जनआंदोलन का रूप लेती नजर आई। अभियान को व्यापारियों का भी व्यापक समर्थन मिला। शादी सीजन के बावजूद नगर के व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर गो संरक्षण के समर्थन में एकजुटता दिखाई। बाजार पूरी तरह बंद रहा जो अभियान के प्रति लोगों की गंभीरता और आस्था को दशार्ता है। कार्यक्रम समाप्ति के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान पुनः खोलकर कार्य प्रारंभ किया। इस अवसर पर गो अभ्यारण्य सालरिया से कथा प्रवक्ता महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज सहित अनेक संत एवं गौ-सेवक उपस्थित रहे। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में गौ-प्रेमी शामिल हुए। यात्रा के समापन पर डाक बंगला स्थित विश्राम गृह में तहसीलदार रामेश्वर दांगी को गो संरक्षण की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संतों के आह्वान पर आयोजित इस अभियान में गौवंश संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। भीषण गर्मी के बावजूद जिस प्रकार लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई, वह न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और एकजुटता का भी सशक्त संदेश देता है।

बड़नगर में खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई की दुकाने बंद रही

# नारेबाजी कर प्रधानमंत्री मोदी के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर कृषि आदान विक्रेता संघ बड़नगर द्वारा भी हड़ताल का समर्थन किया गया। जिसमें समस्त कृषि आदान व्यापारियों ने अपना - अपना व्यापार व्यवसाय बंद रख कर विरोध प्रदर्शन किया।

हड़ताल के दौरान सभी व्यापारी कोर्ट चोराहा पर एकत्रित हुए जहां से अध्यक्ष नारायण सिंह राठौर के नेतृत्व में एक रेली के रूप में व्यापारी एकता जिंदाबाद, व्यापारियों का करो सम्मान - किसानों का होगा कल्याण आदी नारेबाजी करते हूऐ एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां तहसीलदार रुपाली जैन को कृषि आदान व्यापार से संबंधित विभिन्न मांगो का एक ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सौंपा गया व मांगो के निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कम्पनियों द्वारा सुनिश्चित की जाने, डिलय मार्जिन में वृद्धि किये जाने,साथी पोर्टल में राहत प्रदान करने,अवैध बीजो पर प्रभावी रोक, सील बंद पैकिंग में विक्रेता को साक्षी का दर्जा देने, पुराने या एक्सापायर स्टाक को कम्पनी द्वरा वापस लेने, बीज अधिनियम व कीटनाशी विधेयक में संशोधन किये जाने, किसान द्वारा व्यापारी की झूठी शिकायतो के लिए जांच कमेटी बनाऐ जाने, निलंबित लायसेन्स की बहाली 21 दिन में करने, हर साल अथर्टी लेटर जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त किया जाना, दोहरी लायसेन्स प्रथा बंद करने आदी का उल्लेख किया गया। साथ ही ज्ञापन में कहा गया कि एक दिवसीय हड़ताल अभी सांकेतिक रूप से की जा रही है। यदि एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन बंद किया जावेगा । जिससे कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पढ़ने व किसानो को समस्या उत्पन्न होगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी राज्य व केन्द्र सरकार के अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर बड़नगर कृषि आदान विक्रेता संघ के पदाधिकारीगण चंदन गिरधाणी, हीरालाल जैन, कृष्णचंद्र माहेश्वरी, सज्जाद भाई, राजेंद्र दंगवाड़ा, बलराम मेलवाणी, संजय विजयवर्गीय, आबीद हुसैन, संजय पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह राजावत सहीत नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कृषि आदान विक्रेता उपस्थित थे।

## अप्रैल की गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें, बाजार सूने, लोग घरों में कैद

**सुसनेर।** अप्रैल माह के अंतिम दिनों में क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप, लू के थपेड़े और लगातार बढ़ते तापमान के कारण आमजन के साथ-साथ खास अवसरों पर निकलने वाले लोग भी परेशान नजर आ रहे हैं। सोमवार को इसका एक अनोखा और चर्चा का विषय बना दृश्य डाक बंगला स्थित रेस्ट हाउस के समीप देखने को मिला जब शादी कर अपने गांव लौट रहा दूल्हा भी गर्मी के आगे मजबूर हो गया।

तपती दोपहर में कुर्ता-पजामा, जैकेट और साफा पहने दूल्हा जैसे ही अपने परिवार के साथ वाहन से गुजर रहा था। तभी सड़क किनारे ठंडे पेय की दुकान दिखाई दी। गर्मी से राहत पाने के लिए दूल्हे ने तुरंत वाहन रुकवाया और परिवार सहित नीचे उतर गया। इसके बाद दूल्हे ने ठंडा पेय लेकर कुछ देर वहीं खड़े होकर पिया और राहत महसूस की। उसके साथ मौजूद परिजनों ने भी गर्मी से बचने के लिए ठंडे पदार्थ का सेवन किया। दूल्हे का यह अंदाज वहां मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। राहगीर कुछ पल के लिए रुककर इस दृश्य को देखते रहे वहीं कई लोगों ने इस पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया।आमतौर पर शादी के बाद दूल्हा बिना रुके अपने गंतव्य की ओर बढ़ता है। लेकिन इस बार भीषण गर्मी ने उसे भी बीच रास्ते में ठहरने को मजबूर कर दिया। नगर में इन दिनों गर्मी का असर साफ तौर पर देखा जा सकता है। दोपहर के समय प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है और सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई है। लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं और जल्दी-जल्दी अपने कार्य निपटाकर वापस घरों में कैद हो रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखे, कूलर और एसी का सहारा ले रहे हैं वहीं ठंडे पेय पदार्थों, शरबत, जूस और आइसक्रीम की मांग भी तेजी से बढ़ गई है।



## भीमाखेड़ा मुख्य मार्ग चैराहे पर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया

**महिदपुर।** ग्राम पंचायत भीमाखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्य मार्ग भीमाखेड़ा चैराहे पर जनपद पंचायत महिदपुर की सीईओ मीना झा की प्रेरणा से ग्रामीण जन हेतु स्वच्छ और शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर का शुभारंभ ग्राम पंचायत भीमाखेड़ा के सरपंच श्रीमती कौशल्या बाई राजेश माली द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भीमाखेड़ा के सचिव कैलाश शर्मा, ग्राम पंचायत के पंच चांदमल माली, गौरव ठाकुर, दीपक, अनिल कुमावत, बापूलाल, पीरुलाल, विष्णु, सरपंच प्रतिनिधि राजेश माली, ग्राम भीमाखेड़ा के सभी वरिष्ठजन की उपस्थिति में शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का सरपंच प्रतिनिधि द्वारा स्वागत किया गया।

## सनफ्लॉवर जूनियर स्कूल में परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**सुसनेर।** स्थित सनफ्लॉवर जूनियर स्कूल में सोमवार को नर्सरी से लेकर कक्षा सातवीं तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए-प्लस ग्रेड प्राप्त किया। विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कक्षा 5वीं की टॉपर आरवी शर्मा एवं कक्षा 8वीं की टॉपर सुहाना मुल्तानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक इंदुबाला शर्मा, प्रिंसिपल अंकिता जैन, शिक्षक हितेश जैन सहित स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे। जानकारी शिक्षिका प्रियांशी भावसार द्वारा दी गई।

सांसद ने दिया नव दंपत्तियों को आशीर्वाद

# मां बिजासन धाम में धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 76 जोड़े परिणय बंधन में बंधे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भैंसवामाता



आदर्श धाकड समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन मां बिजासन धाम भैंसवा माता में रविवार रात्रि में आयोजित किया गया। जिसमें 76 जोडो ने अग्नि को साक्षी मानकर माता की पावन स्थली पर वेद मंत्रोच्चारण, हिंदू वैदिक रीति रिवाज से सात फेरे लिए ओर एक दूजे का हाथ थामा। धाकड समाज के राजगढ जिले में केवल 4 सामूहिक विवाह सम्मेलन होंगे यह दूसरा सम्मेलन हुआ।

अगला 3 मई को सुल्तानिया में आयोजित किया जाएगा। वर वधू ने मांगलिक परिसर में एक ही पांडाल के नीचे आमूनी सामूनी, तोरण, फेरा सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। धाकड महासभा युवा संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी जगदीश नागर ने बताया कि समाज जनों को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजगढ सांसद रोडमल नागर, जिला समिति से उमराव सिंह नागर, मोहन बरवाल, नंदलाल नागर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल सहित बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। सभी ने दूल्हों को अमूनी सामुनी की रश्म अदा कर तिलक लगाकर,स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर ने कहा कि समाज का हर युवा जानता हे कि सम्मेलन में शादी क्यों करते हे ओर इससे क्या फायदा है, कम खर्च में अच्छा ओर बेहतर आयोजन हो, समाज बाहरी आडंबरों से बचे, रिटेन गिफ्ट आइटम प्रथा, डीजे, शराब पार्टी जैसी कुरीतियों समाज का हिस्सा नहीं है। कुछ लोग मानते नहीं लेकिन वे जानते है कि ये नहीं करना चाहिए इसके लिए इन युवाओं को आगे आना होगा हम जिला समिति आग्रह करते है कि समाज को नई दिशा ओर सब समाजों के लिए आदर्श बनाने के लिए बेहतर कदम उठाने होंगे। इसके लिए आगे आना होगा और समाज के कम खर्च में अच्छा वैवाहिक कार्यक्रम हो यह सभी की परिकल्पना ओर जहन में लाना होगा। उन्होंने सभी नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले नव जोडों के सुखमय जीवन की शुभकामनाएं देते हुए माता से सबकी मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### कुल देवी माता के नाम की पाती, हर विध्न हरती है माता

माता बिजासन कुल हे यह से हर मांगलिक कार्य प्रारंभ करने से पहले उनके नाम की पाती लेकर शुभ काम प्रारंभ होते है ओर माता हर विध्न बाधाओं को हरती है ओर निर्विघ्न सम्पन्ना होतेहै जिसके बाद सबसे पहले वर वधू जोडे के साथ सबसे पहले धाम जाते ओर मत्था टेककर आशीर्वाद लेते है। यह राजगढ ही नहीं प्रदेश भर से श्रद्धालु भक्त माता के धाम आकर अपने संकल्प की पाती चढाते है। शादी वैवाहिक कार्यक्रमों में बडी संख्या में जोडे से नव दंपति माता के धाम पहुंचते है और अपने सुखमय जीवन की कामना कर आशीर्वाद लेते है।

## शा.मा.वि. नारायणा में सायकल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**महिदपुर।** शा.मा.वि. नारायणा में जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत नारायणा के सरपंच भगवानसिंह गोयल, उपसरपंच गोपीलाल आंजना की अध्यक्षता में सायकल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सरस्वती पूजन से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। सरपंच एवं उपसरपंच ने छात्रों को अच्छे से पढ़ाई करने का संदेश दिया और कहा कि भारत को आगे बढ़ाने में छात्रों का ही योगदान रहता है। शासन पढ़ाई पर बहुत ज्यादा जोर दे रही है तो हमें भी पढ़ाई में ध्यान रखना है। बाबूलाल आसोड़िया ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कक्षा 6 के कक्षाध्यापक नवीन चैहान ने चैचीस नम्बर लिखकर छात्रों को सायकल प्रदान की। संचालन मनोज सोनी ने किया।

# कम समय में फ्रैश लुक के लिए ब्लश का इस तरह करें इस्तेमाल

चेहरे पर मिनटों में ताजगी और चमक लाने के लिए ब्लश किस तरह उपयोगी है...



र ा र

तुरंत ताजगी और चमक ला सकता है और वह है ब्लश। इसे गालों पर अप्लाई करते ही चेहरा फ्रैश दिखने लगता है। वर्किंग और बिजी गर्ल्स के लिए ब्लश का क्विक यूज एक ऐसा ब्यूटी ट्रिक है जो कम समय में फ्रैश लुक दे सकता है। अतः कम समय में नैचुरली ब्यूटीफुल और फ्रैश लुक पाने के लिए ब्लश को अपनी ब्यूटी किट का हिस्सा बनाना न भूलें



ब्लेंडिंग के लिए डोम शेप का फ्लफी ब्रश बैस्ट होता है। फेयर स्किन टोन पर सौफ्ट पिंक, लाइट पीच और सौफ्ट कोरल कलर्स सूट करते हैं। डीप स्किन वालों पर बोल्ड प्लम और ब्रिक रैड के शेड्स अच्छे लगते हैं। क्रीम और लिक्विड फामूर्ला नैचुरल फिनिश देते हैं जब कि पाउडर ब्लश मैट फिनिश देता है। वैसे तो मेकअप किट में कई प्रोडक्ट्स होते हैं लेकिन इन में से एक प्रोडक्ट चेहरे

## क्या है ब्लश

यह एक मेकअप प्रोडक्ट है जिसे मेकअप के दौरान चीक्स को हाईलाइट करने के लिए यूज किया जाता है ताकि चेहरे पर नैचुरल पिंक ग्लो आए. यह पाउडर, क्रीम, लिक्विड और टिंट फौर्म में मिलता है.

## कैसे चुनें ब्लश

बाजार में अलगअलग तरह के ब्लश उपलब्ध हैं लेकिन कौन सा आप के लिए सही है और उसे यूज करने के बाद कैसा रिजल्ट मिलता है यह भी जानना जरूरी है.

**पाउडर ब्लश:** यह औयली स्किन वालों के लिए बैस्ट है. यह लंबे समय तक टिका रहता है और मैट फिनिश देता है.

**क्रीम ब्लश:** यह ड्राई स्किन के लिए बेहतर है. यह स्किन में आसानी से ब्लैंड हो जाता है और आप को नैचुरल ग्लो देता है.

**लिक्विड या टिंट ब्लश:** यह उन के लिए परफैक्ट है जिन्हें लाइटवेट और फ्रैश लुक पसंद है. थोड़ा सा अप्लाई करने पर भी यह अच्छा लुक देता है.

## मेक राइट चौइस

अपनी स्किन टोन के हिसाब से कैसा ब्लश चुनें और किस तरह की पार्टी के लिए कौन सा कलर सूट करेगा यह भी तो जान लेंः

अपनी स्किन टोन के अनुसार ब्लश का शेड चुनें. फेयर स्किन टोन पर सौफ्ट पिंक, लाइट पीच और सौफ्ट कोरल कलर्स सूट करते हैं. डीप स्किन वालों पर बोल्ड प्लम और ब्रिक रैड के शेड्स अच्छे लगते हैं.

डे टाइम पार्टी के लिए सौफ्ट पिंक या पीच ब्लश चुनें.

नाइट पार्टी लुक के लिए डीप कोरल या बेरी ब्लश सही रहेगा.

ब्लश को स्किन पर अच्छी तरह ब्लैंड करें ताकि लुक नैचुरल लगे.

## ब्लश कैसे अप्लाई करें



सही कलर तो पिक कर लिया लेकिन यदि इसे लगाने का सही तरीका पिक नहीं किया तो लुक खराब भी हो सकता है. जानिए, ब्लश लगाने का सही तरीकाः

## हमेशा हलके हाथों से लगाएं

लगाते समय स्माइल करें ताकि गालों के और उभरे हिस्से पर ब्लश अच्छी तरह लगे.

ब्लैंड करने के बाद चैक करें कि कहीं लाइन या क्रैक तो नहीं दिख रहा.

ब्लश का काम है आप की नैचुरल ब्यूटी को उभारना. अतः इसे कभी भी जरूरत से ज्यादा न लगाएं.

# नेचुरल प्रौडक्ट से करें स्किन की देखभाल



**आज की भागतीदौड़ती जिंदगी में महिलाओं को अपनी त्वचा का ध्यान रख पाना बहुत मुश्किल है. ऐसे में उन्हें प्राकृतिक प्रसाधनों मसलन हलदी, चंदन, केसर, मलाई, ऐलोवेरा, बादाम, व्हाइट लिली और गुलाबजल से भरपूर प्रोडक्ट की तलाश रहती है. क्योंकि यही वे तत्त्व हैं जो त्वचा को अच्छी तरह से नरिश कर के उन्हें खूबसूरत बनाते हैं. आइए जानते हैं इन तत्त्वों की विशेषताएं.**

**1. हलदी–** हलदी सब से सस्ता और अच्छा बौडी स्क्रबर है. ऐंटीसैप्टिक, ऐंटीबैक्टीरियल और ऐंटीइनफ्लेमैट्री गुणों से भरपूर हलदी में करक्यूमिन नामक तत्त्व पाया जाता है. इस में मौजूद यलो पिगमैंट त्वचा को निखारने का काम करते हैं. हलदी में ऐंटी औक्सीडैंट भी होते हैं जो त्वचा को फ्री रैडिकल्स के आक्रमण से सुरक्षित रखने का काम करते हैं.

**2. व्हाइट लिली–** ऐंटीपिगमैंटेशन, व्हाइटनिंग और ब्लीचिंग जैसे गुणों से भरपूर व्हाइट लिली में ग्लायकोलिक ऐसिड पाया जाता है, जो डैड स्किन व ऐजिंग स्पौट्स को हलका करने में मददगार होता है. व्हाइट लिली जैल से युक्त क्रीम के इस्तेमाल से सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें भी त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचा पातीं.

## ऐलोवेरा

ऐलोवेरा एक प्राकृतिक मौइश्चराइजर है. यह हर तरह के स्किन टाइप के लिए लाभदायक है. यह सैल रिन्यूअल प्रौसेस को तो बढ़ाता ही है साथ ही इस में मौजूद हीलिंग प्रौपर्टीज स्किन सैल्स मुलायम रखती हैं और त्वचा को चमकदार बनाती हैं. ऐलोवेरा जैल में कूलिंग और ऐंटीइनफ्लेमैट्री प्रौपर्टीज की मौजूदगी भी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है. त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए इस में विटामिन सी और विटामिन ई भी पाए जाते हैं.

## चंदन

चंदन में मौजूद लाइटनिंग और कूलिंग एजेंट त्वचा के अंदर तक जा कर उस में निखार के साथ चमक भी लाते हैं. साथ ही यह ऐंटीसैप्टिक भी है. इसलिए चोट या फिर जलनेकटने पर भी इसे दवा की तरह लगाया जा सकता है. चंदन के तेल से मसाज करने से ब्लड सकुर्लेशन भी अच्छा हो जाता है जिस से त्वचा पर झुर्रियां नहीं पड़तीं.

# Sport

## कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नौ विकेट से दी करारी शिकस्त

# भुवी-जोश की आंधी में उड़े दिल्ली के धुरंधर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स का घर में निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। सोमवार शाम को आई तेज आंधी के बीच जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की कहर बरपाती गेंदों के सामने दिल्ली की टीम घरेलू पिच पर फिर परास्त हो गई।

सत्र का न्यूनतम स्कोर : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल मुकाबले में पहले दिल्ली को सत्र के न्यूनतम स्कोर 75 रन पर ढेर कर दिया। फिर मात्र 39 गेंदों पर एक विकेट पर 77 रन बनाकर नौ विकेट से बड़ी जीत हासिल कर ली। इससे पहले पिछले मैच में दिल्ली को घर में पंजाब से भी हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने आठ मैचों में छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर स्थिति और मजबूत कर ली है जबकि दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है। आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल करने के साथ सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

### शीर्ष क्रम ध्वस्त

छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु ने जैकब बैथल (20) का विकेट गंवाया जबकि विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लक्ष्य कम होने के कारण कोहली के प्रशंसकों को उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी नहीं देख पाने से जरूर निराशा हुई होगी।

बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो गेंदबाजों ने सही साबित कर दिया। भुवनेश्वर और जोश की बलखाती गेंदों के सामने मेजबान टीम का शीर्ष क्रम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। उसने महज आठ रन के स्कोर पर अपने छह विकेट गंवा दिए। तब अभिषेक पोरेल और डेविड मिलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पोरेल ने तीन चौके की मदद से सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में रसिख सलाम ने डेविड मिलर (19) रन का शिकार कर दिल्ली को सातवां झटका दिया।

## रॉयल्स के सामने पंजाब की मुश्किल चुनौती

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को आईपीएल मैच में अजेय टीम पंजाब किंग्स का सामना करेगी। इस मुकाबले में अगर उसे मेजबान टीम का विजय अभियान रोकना है तो आउट ऑफ फॉर्म कप्तान रियान पराग को कुशल नेतृत्व के साथ ही बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं। उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। श्रेयस ने बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूनार्मेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है।

# ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸ होर्सेंस (डेनमार्क)

भारतीय पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। उसने सोमवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम ने सातवीं बार प्रतियोगिता के अंतिम आठ का टिकट कटाया है।

अब चीन से सामना : भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में दोनों एक-दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरूआत की थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत से शुरूआती बढ़त दिलाई। यूएस ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से रौंद



## एशियाई खेलों के समय में बदलाव होने की संभावना

**सान्या।** एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) एशियाई खेलों के समय में बड़ा बदलाव करने की योजना बना रही है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता को ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से ठीक पहले वाले वर्ष में आयोजित किया जा सकता है, ताकि इसे ओलंपिक के लिए क्वालिफाइंग प्रतियोगिता के रूप में उपयोग किया जा सके। परिषद के उपाध्यक्ष सोंग लुजेंग ने रविवार को बताया कि यह बदलाव 2030 के दोहा एशियाई खेलों से लागू हो सकता है, जिन्हें एक साल आगे बढ़ाकर 2031 में कराने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य एशियाई खेलों के स्तर को और ऊंचा उठाना है।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### वंदनीय आर्यिका मां पूर्णमति के साथ पदयात्रा में चला श्वान

**इंदौर।** ऋषिकेश से अष्टापद तक 328 किमी पदयात्रा कर गुरु मां पुर्णमति संसघ के संग पहुंचा श्वान 'बिल्लू', गुरु भक्ति देख श्रद्धालु हुए भाव-विभोर। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि बद्रीनाथ, गुरु चरणों में समर्पण की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए एक श्वान 'बिल्लू' पूज्य माता जी के संघ के साथ ऋषिकेश से अष्टापद बद्रीनाथ तक 328 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूर्ण कर अष्टापद पहुंचा है। बद्रीनाथ ट्रस्ट के महामंत्री कीर्ति पांड्या एवं जिनेन्द्र कासलीवाल ने बताया कि विहार यात्रा के दौरान बिल्लू की गुरु भक्ति सभी के लिए प्रेरणा बनी। माता जी के आहार ग्रहण करने से पहले बिल्लू कुछ भी ग्रहण नहीं करता तथा रात्रि विश्राम के समय माता जी के कमरे के सामने ही सोता है। बिल्लू ने माता जी के साथ नीलकंठ पर्वत पर वंदना की तथा माना गांव भी गया। दूसरे दिन आर्यिका दीदी के साथ पुनः नीलकंठ पर्वत पर वंदना हेतु पहुंचा। दद्दू ने बताया कि एक प्रसंग में जब माता जी का संघ आगे निकल गया तो बिल्लू अकेला रहकर जोर-जोर से रोने लगा। अन्य लोगों के बुलाने पर भी वह नहीं गया। जब दीदी माता जी की पिछी लेकर वापस आईं, तभी वह उनके साथ चल पड़ा। वर्तमान में बिल्लू अष्टापद क्षेत्र में माता जी के सान्निध्य में है और आगे विहार में भी संघ के साथ जाएगा। क्षेत्र में उपस्थित एवं आगंतुक श्रद्धालु इस घटना को अतिशय मान रहे हैं। जैन परंपरा में माना जाता है कि संस्कारी जीव तिर्यंच गति में भी गुरु भक्ति के भाव रहते हैं। बिल्लू की यह यात्रा उसी का जीवंत प्रमाण है।



### 6 माह के मासूम के गले में फंसा 1.5 इंच का ढक्कन, डॉक्टरों की फुर्ती से बची जान



**इंदौर।** डॉक्टरों की तत्परता और कुशलता ने 6 माह के एक मासूम की जिंदगी बचा ली। शहर के निजी अस्पताल में हुए इस सफल उपचार ने एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। रविवार को छह माह का तनिष्क अहिरवार घर पर खेलते समय स्टील का करीब डेढ़ इंच का ढक्कन मुंह में डाल बैठा। यह ढक्कन उसके गले में फंस गया, जिससे उसकी सांस लेने में गंभीर दिक्कत शुरू हो गई। घबराए परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने जांच में पाया कि ढक्कन श्वास मार्ग को प्रभावित कर रहा है और थोड़ी भी देरी जानलेवा हो सकती थी। ऐसे में बिना समय गंवाए इमरजेंसी प्रक्रिया शुरू की गई। इस जटिल प्रक्रिया का नेतृत्व एनेस्थेटिस्ट डॉ. यश मेहता और मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. सर्वप्रिया शर्मा ने किया। उनके साथ डॉ. राजेश वाधवानी और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने समन्वय के साथ बेहद सावधानी से ढक्कन बाहर निकाला, जिससे सर्जरी की नौबत टल गई। सफल प्रक्रिया के बाद बच्चे को निगरानी में रखा गया। कुछ ही समय में उसकी सांस सामान्य हो गई और स्वास्थ्य में तेजी से सुधार देखा गया। डॉक्टरों के अनुसार अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। परिजनों ने भावुक होकर डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ का आभार जताया। विशेषज्ञों के मुताबिक 6 माह से 3 साल तक के बच्चे माउथिंग स्टेज में होते हैं, जिसमें वे हर चीज मुंह में डालने की कोशिश करते हैं।

### बारिश से पहले तालाबों-बावड़ियों का होगा जीर्णोद्धार, ताकि वर्षा जल को सहेज सकें

**इंदौर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बारिश से पहले तालाबों, बावड़ियों और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण, जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में निर्देश दिए कि सभी तालाबों और बावड़ियों की सफाई, मरम्मत व जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके। आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर इन स्थलों को धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाए। महू क्षेत्र की गंभीर नदी के पुनर्जीवन कार्यों को भी गंभीरता से लिया जाए।

### कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया की गाइडलाइन जारी कर दी

**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया की गाइडलाइन जारी कर दी। बीकॉम, बीए, बीएससी जैसे यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए छात्र 1 से 15 मई तक पहले दौर के रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। वहीं एमए, एमकॉम व एमएससी जैसे पीजी कोर्स के लिए 2 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इस बार भी कियोस्क सेंटर व मोबाइल एप के जरिये रजिस्ट्रेशन होंगे। बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी जैसे कोर्स के लिए भी साथ ही रजिस्ट्रेशन होंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने पहले, दूसरे व तीसरे (सीएलसी राउंड) चरण का पूरा एडमिशन शेड्यूल जारी कर दिया है। जिन भी छात्रों को शासकीय, अनुदान प्राप्त, निजी कॉलेजों में प्रवेश लेना है, उन्हें रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। खास बात यह है कि पहली बार सीयूईटी यूजी और पीजी को भी आधार बनाकर छात्रों को एडमिशन मिल सकेगा। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में इस बार भी बीबीए-बीसीए कोर्स उच्च शिक्षा विभाग की एडमिशन प्रक्रिया से बाहर रहेंगे। यह कोर्स अब डीईटी का हिस्सा होंगे। इनकी एडमिशन काउंसलिंग एमबीए के साथ अलग से होगी।

### पत्नी के साथ बाइक से पीथमपुर जा रहे बस ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** नावदा पंथ इलाके में सोमवार रात एक सड़क हादसे में दंपती घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए एमवाय लेकर आया गया। यहां पत्नी की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों पीथमपुर में परिचित से रुपए लेने गए थे। हालांकि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक विकास पुत्र शिवचरण राठौर निवासी ग्राम बारोली अपनी पत्नी पूजा के साथ पीथमपुर निजी काम से गए थे। रात में नावथा पथ ब्रिज के यहां पर उन्हें सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दोनों को उपचार के लिए एमवाय में भेजा गया। यहां विकास की मौत हो गई। विकास स्कूल की बस चलाते थे। दंपती के दो बच्चे हैं। इस हादसे में दूसरे बाइक सवार को भी चोट आई थी। उसे परिजन निजी अस्पताल ले गए। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### चचेरी बहन की गोद से छूटे 4 माह के मासूम की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में एक दर्दनाक हादसे में 4 माह के मासूम की मौत हो गई। बच्चा अपनी 6 साल की चचेरी बहन की गोद से फिसलकर जमीन पर गिर गया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आजाद नगर थाना क्षेत्र के भील कॉलोनी में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे यह हादसा हुआ। 4 माह का रियाश अपनी 6 साल की चचेरी बहन की गोद में था। बच्ची उसे लेकर करीब 3 फीट ऊंचे बेड पर बैठी थी। इसी दौरान खेलते समय रियाश अचानक हाथ से छूटकर नीचे मुंह के बल गिर गया।

---

## किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस का बड़ा आंदोलन, सभी जिलों के अध्यक्ष होंगे शामिल

# 7 मई को आगरा-मुंबई रोड पर कांग्रेस करेगी चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने जा रही है, जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष शामिल होंगे। पार्टी ने निर्णय लिया है कि 7 मई को मुरैना से सेंधवा तक आगरा-मुंबई रोड पर जगह-जगह चक्काजाम किया जाएगा, ताकि सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके। यह मार्ग मुरैना से इंदौर होकर नेशनल हाईवे के माध्यम से सेंधवा को जोड़ता है। इंदौर में आंदोलन के लिए स्थान तय किया जा रहा है, संभावना है कि बायपास पर किसान एकत्र होकर चक्काजाम करेंगे।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को सभी जिलाध्यक्षों की बैठक भोपाल में बुलाई थी, जिसमें आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े। बैठक में तय हुआ कि 7 मई को किसानों के मुद्दों पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार किसानों की उपज खरीदने में विफल रही है और अब भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। एमएसपी पर गेहूं खरीदी न होने का मुद्दा भी उठाया जाएगा। आरोप है कि तय कोटे के अनुसार गेहूं की खरीदी नहीं की गई, जिससे किसानों को मजबूरी में व्यापारियों को नुकसान में उपज बेचनी पड़ी। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने बड़े स्तर पर आंदोलन की तैयारी की है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान भी शामिल होंगे।

### मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन

- इधर, शहर कांग्रेस और मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।
- महिला आरक्षण को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल 2023 में पारित होने के बावजूद भाजपा सरकार ने इसे लागू करने में देरी की और 16 अप्रैल 2026 को राजनीतिक सुविधा के अनुसार नोटिफिकेशन जारी किया।
- कांग्रेस का कहना है कि सरकार जनगणना और परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है और महिलाओं को भ्रमित किया जा रहा है। पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया गया था, लेकिन उसके बाद से इसे लागू नहीं किया गया।

---

# सोनम रघुवंशी को शिलॉन्ग कोर्ट से मिली जमानत

## राजा मर्डर केस में आरोपी है, एसपी बोले- कोर्ट ने अपने अधिकार का उपयोग किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को जमानत मिल गई है। सोनम मेघालय के शिलॉन्ग जेल में बंद है। वहीं की कोर्ट ने चौथी सुनवाई के बाद सोनम को राहत दी है।

शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम से बात की तो उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अपने अधिकार का उपयोग करते हुए जमानत दी है। इधर, इंदौर में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि शिलॉन्ग के वकील से उनकी बात हुई है। सोनम को जमानत कल ही मिल चुकी है। हो सकता है आज सोनम को जेल से छोड़ दिया जाए। वहां के डीएसपी दास सर ने भी बताया कि सोनम को जमानत मिल गई है।

जमानत किस आधार पर मिली है? इस सवाल पर उन्होंने बताया कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से उसे उठाया गया था, उस दौरान पुलिस ने नहीं बताया था कि सोनम को क्यों उठाया गया है। इसी आधार पर सोनम के वकील ने तर्क दिए थे। पेशी पर मुझे बुलाया नहीं गया था। राज कुशवाहा की जमानत के लिए अर्जी लगाई गई है। हम लोग हाईकोर्ट में जाएंगे।



राजा रघुवंशी मर्डर केस में गिरफ्तार पांच में से अब तक चार आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इनमें सोनम, लोकेंद्र सिंह तोमर, गार्ड बलबीर अहिरवार और शिलोम जेम्स हैं। विपिन ने कहा कि हम हाई कोर्ट में अपील करेंगे, ताकि सोनम की इस जमानत को निरस्त किया जा सके। राज कुशवाहा की जमानत अर्जी भी लगाई गई है। अगर मुझे पेशी के लिए बुलाया जाता तो मैं जरूर जाता। इससे पहले बलबीर और तोमर को बरी किया गया था, तब मुझसे पूछा गया था कि क्या मुझे कोई आपत्ति है। मैंने कहा था कि किसी निर्दोष को नहीं फंसना चाहिए, इसलिए मुझे उनकी रिहाई से कोई आपत्ति नहीं थी।

### 21 मई को हनीमून और 23 को हुई थी राजा की हत्या

राजा रघुवंशी की सोनम से शादी 11 मई 2025 को हुई थी। सोनम रघुवंशी और राजा 21 मई को हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे, जहां 23 मई को हनीमून के दौरान लापता हो गए। 10 दिन बाद पुलिस ने 30 फीट गहरी खाई से उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया, जिस पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव थे। सोनम तब लापता थी। इसके बाद यूपी में उसने सरेंडर किया था। उससे पूछताछ के बाद आकाश, आनंद और विशाल को पकड़ा था। सोनम के राज कुशवाहा से प्रेम सबंध थे। हालांकि, उसके परिवार ने इस बात से इनकार किया था। पत्नी सोनम राजा को दर्शनीय स्थलों की सैर के बहाने एक सुदूर स्थान पर बुलाकर ले गई थी।

---

## नीट यूजी 3 मई को

# प्रश्न पत्रों की ट्रैकिंग के लिए बक्सों पर डिजिटल लॉक लगेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नीट यूजी 3 मई को होने जा रही है। प्रश्न पत्रों की ट्रैकिंग के लिए इस बार बक्सों (जिसमें पेपर रखे जाते हैं) पर जीपीएस डिजिटल लॉक लगाए जाएंगे। इधर, एनटीए ने भी हाल ही में सोशल मीडिया पर लिखा कि यह स्कूल टेस्ट नहीं, बल्कि एक कठिन नेशनल लेवल फिल्ट्रेशन सिस्टम है, इसलिए माना जा रहा है परीक्षा का स्तर हाई होगा। परीक्षा केंद्रों पर एआई सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे।

इस बार इंदौर सहित प्रदेश के सभी सेंटरों पर साइबर कमांडो को तैनात किया जाएगा, जो पेपर लीक, नकल गिरोह और फर्जी जानकारी वायरल करने वालों पर नजर रखेंगे। बताते हैं इन साइबर कमांडो को सुरक्षा, एसओपी का पालन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर नियंत्रण एवं संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग का जिम्मा दिया गया है।

प्रदेश में सर्वाधिक 57 परीक्षा केंद्र इंदौर में रहेंगे, जिनमें 23 हजार 160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं, प्रदेशभर में 30 जिलों में कुल 283 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1 लाख 18 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस बार सेंटरों पर 5 जी जैमर लगाए जा रहे हैं, जिससे मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम नहीं करेगा। परीक्षा के दौरान न तो किसी के मोबाइल पर कोई कॉल आ सकेगी, न मैसेज और न सोशल मीडिया चल सकेंगे। पिछले सालों में नकल करते पकड़ गए अभ्यर्थियों से ब्लूटूथ से लेकर अन्य डिवाइस पकड़ में आए थे। एनटीए ने नकल व फर्जी अभ्यर्थियों को लेकर जीरो टॉलरेंस पर काम करने की तैयारी की है।

---

### अक्षय बम को सुप्रीम राहत, हत्या के प्रयास का आरोप हटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा नेता अक्षय बम और उनके पिता कांतिलाल बम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बहुचर्चित इस केस में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) को हटाने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद दोनों इस गंभीर आरोप से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए धारा 307 हटाने का महत्वपूर्ण निर्णय दिया। साथ ही पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप समाप्त हो गया। यह प्रकरण 4 अक्टूबर 2007 की एक घटना से संबंधित है। उस समय दर्ज मामले में हत्या के प्रयास की धारा शामिल नहीं थी। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस मामले में धारा 307 और धारा 149 जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे सेशन कोर्ट और बाद में हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

**शपथ पत्र बना विवाद का केंद्र-** मामले में उस समय नया मोड़ आया जब अक्षय बम द्वारा दायर एक शपथ पत्र में राजनीतिक साजिश के आरोप लगाए गए। बाद में यह शपथ पत्र विवाद का कारण बना और बम ने अपनी पुरानी याचिका वापस लेकर नए सिरे से संशोधित याचिका दायर की। करीब दो वर्ष बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने इस मामले को नया मोड़ दिया।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com